वर्ष : 33 ▸ अंक : 268 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, शनिवार, 14 दिसंबर 2024 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

# मंत्रिमंडल विस्तार की तारीख और जगह में फेरबदल

**महाराष्ट्र में मंत्रिमंडल का विस्तार अब 15 दिसंबर को होगा**

## फडणवीस सरकार के नए मंत्री नागपुर में शपथ ग्रहण करेंगे

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के मंत्रिमंडल का विस्तार एक दिन आगे खिसक गया है। राज्य मंत्रिमंडल का विस्तार अब 14 दिसंबर की बजाए 15 दिसंबर को होगा। फडणवीस सरकार के नए मंत्रियों का शपथ ग्रहण समारोह नागपुर में आयोजित किया जाएगा। महाराष्ट्र विधानसभा का शीतकालीन सत्र 16 दिसंबर से शुरू हो रहा है। महाराष्ट्र के मंत्रिमंडल में मंत्रियों की अधिकतम संख्या 43 हो सकती है। आधिकारिक सूत्रों ने पीटीआई को यह जानकारी दी है।

महायुति सरकार के पहले कार्यकाल में जब एकनाथ शिंदे सीएम थे तो कुल 28 मंत्री थे। इनमें एक सीएम और दो डिप्टी सीएम के अलावा 25 मंत्री थे। 10 मंत्री बीजेपी और 9-9 मंत्री शिवसेना और एनसीपी के खेमे से थे। 2024 के चुनावों में महायुति ने प्रचंड जीत हासिल की है।



### सिर्फ 30 मंत्री लेंगे शपथ

महाराष्ट्र की 15वीं विधानसभा का पहला शीतकालीन सत्र एक हफ्ते तक चलेगा। इसमें सरकार की तरफ जरूरी मुद्दों पर चर्चा कराई जा सकती है। बीजेपी के वरिष्ठ नेता के अनुसार नागपुर में होने वाले शपथ ग्रहण समारोह में 30 मंत्री शपथ लेंगे। नागपुर महाराष्ट्र की दूसरी राजधानी है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 23 नवंबर को चुनाव नतीजे आने के बाद पांच दिसंबर को आजाद मैदान में शपथ ली थी। उनके साथ एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने डिप्टी सीएम की शपथ ग्रहण की थी।

## अजित पवार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की मुलाकात



**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र में मंत्रिमंडल विस्तार से पहले डिप्टी सीएम अजित पवार की पीएम मोदी से मुलाकात की तस्वीरें सामने आई हैं। अजित पवार ने पीएम मोदी ने अपनी पत्नी सुनेत्रा पवार और बेटे पार्थ के साथ मुलाकात की। इससे पहले वह केंद्रीय गृह अमित शाह और बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा से मिले थे। पीएम मोदी से मुलाकात की तस्वीरें राजनीतिक हलकों में चर्चा का विषय बनी हुई हैं। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद अजित पवार ने एक्स पर तस्वीरें साझा करते हुए लिखा कि परिवार ने सौहार्दपूर्ण वातावरण में नरेंद्र मोदी जी से मुलाकात की। इस दौरान राज्य में महायुति की ऐतिहासिक जीत के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की गईं। इसके अलावा विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा हुई।

# अब बीएमसी चुनाव की बारी

- शिवसेना (यूबीटी) स्थानीय निकाय चुनाव अपने दम पर लड़ेगी
- एकनाथ शिंदे महायुति के साथ मिलकर करेंगे मुकाबला



**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

अगले साल होने वाले बीएमसी चुनाव के लिए शिवसेना ने बड़ी घोषणा की है। शिवसेना ने घोषणा की है कि वो महायुति के साथ मिलकर बीएमसी लड़ेगी। यह घोषणा उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने खुद की है। शिंदे ने पूर्व बीएमसपी पार्षदों, पार्टी विधायकों, सांसदों और कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के बाद ये घोषणा की। उन्होंने कहा कि मुंबई को देश का पावरहाउस बनना है। इसके लिए महायुति को बीएमसी पर नियंत्रण करना होगा। जैसे राज्य और केंद्र में है। शिंदे ने कहा कि BMC चुनाव सभी 227 वार्डों में महायुति के रूप में लड़ा जाएगा। भाजपा, शिवसेना और एनसीपी महायुति गठबंधन का हिस्सा हैं। शिंदे की यह टिप्पणी महत्वपूर्ण है क्योंकि उनके मुख्य प्रतिद्वंद्वी शिवसेना (UBT) जो विपक्षी एमवीआ का हिस्सा है ने संकेत दिया है कि वह BMC चुनाव अकेले लड़ सकती है।

### शिंदे ने कही ये बात

शिंदे ने कहा कि उनके नेतृत्व वाली महायुति सरकार ने मुंबई के विकास के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने सड़कों को गड्ढों से मुक्त बनाने, गहरी सफाई अभियान और स्वास्थ्य विभाग में काम करने के लिए उठाए गए कदमों का भी उल्लेख किया। महायुति सरकार द्वारा अपने पहले कार्यकाल (30 जून, 2022-4 दिसंबर, 2024) में किए गए कार्यों का असर राज्य विधानसभा चुनावों में दिखा। सत्तारूढ़ गठबंधन ने मुंबई की 36 में से 22 सीटें जीतीं।

### बैठक में हुई ये चर्चा

इससे पहले बैठक में, शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के नवनिर्वाचित विधायकों ने पार्टी को मजबूत करने पर अपने विचार रखे। शिवसेना सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन का दूसरा सबसे बड़ा घटक है। एक शिवसेना विधायक ने कहा कि विधायकों ने जोर दिया कि पार्टी को बूथ स्तर पर काम करना चाहिए। मुंबई में संगठन को मजबूत करने के प्रयास किए जाने चाहिए। हर नागरिक वार्ड में सदस्यता अभियान चलाने पर भी जोर दिया गया।

### महायुति में टूट संभव

शिवसेना (यूबीटी) ने शुक्रवार को सूबे के सभी नगर निकाय चुनाव अपने बल पर लड़ने की घोषणा की है। यह शिवसेना यूबीटी के महाविकास आघाड़ी (मविआ) से अलग होने का संकेत माना जा रहा है। कांग्रेस नेता विजय बडेट्टीवार ने कहा कि अगर शिवसेना (यूबीटी) को अलग चुनाव लड़ना है तो स्पष्ट करें हम भी अपनी भूमिका उसी हिसाब से तय करेंगे। कांग्रेस नेता विजय बडेट्टीवार ने कहा कि विधानसभा चुनाव में पराजय मिलने के बाद संजय राऊत निराशा में हैं। इसी वजह से राऊत इस तरह की बात कर रहे होंगे, लेकिन अभी तक इस बारे में स्पष्टता नहीं है।

## महाराष्ट्र एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगा : मुख्यमंत्री

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र को देश का सबसे विकसित राज्य बनाने के लिए विभिन्न विकास नीतियां लागू की जा रही हैं। हम प्रदेश को देश की एक ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने जा रहे हैं। पिछले वर्ष राज्य ने आधा ट्रिलियन का लक्ष्य पार कर लिया। अब मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़णवीस ने विश्वास जताया है कि 2028 से 2030 तक ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी का लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा।

- पेज 3 भी देखें

## आईएएस अश्विनी भिडे बनी मुख्यमंत्री की प्रधान सचिव

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**



महाराष्ट्र में अभी तक मेट्रो की जिम्मेदारी संभाल रही आईएएस अश्विनी भिडे का तबादला सीधे मंत्रलाय में किया गया है। 1995 बैच की आईएएस अधिकारी अश्विनी भिडे मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की नई प्रधान सचिव (प्रिंसिपल सेक्रेटरी) होंगी। भिडे अभी तक महाराष्ट्र में मुंबई मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमएमआरसीएल) के प्रबंध निदेशक के पद पर कार्यरत थी। वह बृजेश सिंह की जगह लेंगी।अश्विनी भिड़े को तत्काल पद का कार्यभार संभालने का आदेश दिया गया है। साथ ही अगले आदेश तक मेट्रो के प्रबंधकीय पद का कार्यभार संभालने का निर्देश भी दिया गया है।

### कौन हैं अशिवनी भिड़े?

अशिवनी भिडे 1995 बैच की एएएस अधिकारी हैं। उनके पास 25 साल की चार्टर्ड सेवा का अनुभव है। मुंबई मेट्रो के नेटवर्क को खड़ा करने में उनका अहम योगदान रहा है।इसलिए उन्हें मुंबई मेट्रो वुमन के नाम से भी जाना जाता है। अब उनका तबादला कर दिया गया है। वह अब मंत्रालय में मुख्यमंत्री कार्यालय में सीएम की प्रिंसिपल सेक्रेटरी का दायित्व संभालेंगी।




DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है


# शिरडी में 12 जनवरी को प्रदेश सम्मेलन आयोजित करेगी महाराष्ट्र भाजपा

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ मोर्चे को शानदार चुनावी विजय दिलाने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 12 जनवरी को शिरडी में प्रदेश स्तरीय सम्मेलन आयोजित करेगी। इसमें युवाओं के बीच संपर्क कार्यक्रम चलाने समेत विभिन्न एजेंडों पर चर्चा की जाएगी।



### शाह और नड्डा लेंगे भाग

पार्टी ने शुक्रवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि शिरडी में होने वाले इस एक दिवसीय सम्मेलन में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा तथा 10000 से अधिक पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे। बयान में कहा गया है कि सम्मेलन में स्वामी विवेकानंद की विचारधारा से प्रेरित युवाओं पर केंद्रित नया अभियान शुरू किया जाएगा। स्वामी विवेकानंद की जयंती पर 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया जाता है।

### देवेंद्र फडणवीस का अभिनंदन

बयान के अनुसार भारी बहुमत से सत्तारूढ़ महायुति के सत्ता में लौटने के बाद पांच दिसंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने वाले भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस का इस मौके पर अभिनंदन किया जाएगा। भाजपा के नेतृत्व वाले गठबंधन महायुति ने नवंबर में महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 288 में से 230 सीट जीती थीं। शिवसेना और राकांपा महायुति के अन्य दो घटक दल हैं।

# डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से की मुलाकात

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र की राजनीति हर दिन नई करवट ले रही है। अब उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से उनके आवास पर जाकर मुलाकात की है। बताया जा रहा है कि सीएम फडणवीस की पीठ में तकलीफ है, ऐसे में वह फिलहाल आराम कर रहे हैं। डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे को जब इसक पता चला तो वह बिना एक भी पल गंवाए सीएम फडणवीस के आवास पर जा पहुंचे। वहां उनसे उनकी कुशलक्षेम जानी।



फडणवीस और शिंदे की यह मुलकात ऐसे समय में हुई है, जब महाराष्ट्र में कैबिनेट विस्तार की चर्चाएं जोरों पर हैं। बताया जा रहा है कि फडणवीस कैबिनेट का विस्तार 15 दिसंबर को होगा। नए मंत्री मुंबई के बजाय नागपुर में पद और गोपनीयता की शपथ लेंगे। जानकारी के अनुसार, लगातार चुनावी भागदौड़ की वजह से देवेंद्र फडणवीस की शारीरिक तकलीफ बढ़ गई है। सीएम फडणवीस की पीठ में तकलीफ है। इस वजह से वह सामान्य तरह से कामकाज नहीं कर पा रहे हैं। वह फिलहाल पूरी तरह से आराम कर रहे हैं। इस बीच डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे उनका हाल जानने के लिए उनके आवास पर पहुंचे। इस दौरान सीएम फडणवीस और डिप्टी सीएम एकनाथ शिंदे के बीच बातचीत भी हुई। बता दें कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव और प्रदेश में सरकर गठन को लेकर लगातार भागदौड़ की स्थिति बनी हुई है।

## पीट-पीटकर आवारा कुत्ते को मार डालने को लेकर दो लोगों पर मामला दर्ज

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में कथित रूप से पत्थर मार-मारकर एक अवारा कुत्ते की जान ले लेने को लेकर दो व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज दर्ज किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि पिछले सप्ताह यह घटना घटी, जिसके बारे में शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने बुधवार को एक मामला दर्ज किया। उन्होंने बताया कि आरोपियों– मितेश बरोदिया और भरत ने आठ दिसंबर दोपहर को कल्हेर इलाके में एक आवारा कुत्ते पर पत्थर फेंके और डंडे से पीट-पीटकर उसे मार डाला। अधिकारी ने बताया कि दोनों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 325 (किसी पशु को मारना, जहर देना, अपंग बनाना आदि) और पशु क्रूरता रोकथाम अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# सोफा फैक्ट्री में लगी भीषण आग

डीबीडी संवाददाता । पुणे

महाराष्ट्र के पुणे में एक सोफा फैक्ट्री में आग लगने की वजह से 45 साल के एक शख्स की मौत हो गई। यह घटना येवलेवाड़ी इलाके में शुक्रवार दोपहर को हुई। फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर तो काबू पा लिया लेकिन उस शख्स को नहीं बचाया जा सका।




### आग लगने से एक कर्मचारी की मौत

रिपोर्ट के मुताबिक, आग दोपहर 1:30 बजे के करीब लगी। मृतक की पहचान हरुन हमद खान के रूप में हुई है। स्थानीय लोगों के अनुसार, आग वेल्डिंग कार्य के दौरान एक छोटे सिलेंडर के फटने से लगी। दमकलकर्मियों ने एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। हालांकि, आग के कारण सोफा फैक्ट्री में भारी नुकसान हुआ है। दमकल अधिकारियों ने बताया कि उस शख्स को आग में गंभीर रूप से झुलसी हुई हालत में घटनास्थल पर पाया गया। उन्हें तुरंत पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई, फायर ब्रिगेड के एक अधिकारी ने बताया कि आग लगने के वास्तविक कारण की जांच की जा रही है। स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग इस मामले की जांच कर रहे हैं।

### घटना को लेकर लोगों ने क्या कहा ?

घटना को लेकर स्थानीय लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि इस यूनिट में सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं थे। इस घटना ने औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा उपायों को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है। प्रशासन ने औद्योगिक यूनिटों को सतर्क रहने और सुरक्षा मानकों का पालन करने की अपील की है ताकि ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

# डीजे की रोशनी से सोने की तस्करी

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

### दो लोगों को किया गया गिरफ्तार

मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक बार फिर सोना जब्त किया गया है। डीजे की लाइट के जरिए सोने की तस्करी की जा रही थी। राजस्व खुफिया निदेशालय ने डीजे की लाइट से 12 किलो तक सोना जब्त किया है। इसकी कीमत 9.6 करोड़ रुपए बताई जा रही है।



डीआरआई अधिकारियों को गुप्त सूचना मिली कि डीजे लाइट के जरिए भी सोने की तस्करी की जा रही है। उस सूचना के आधार पर डीआरआई अधिकारियों ने गोदाम की तलाशी ली और वहां डीजे लाइट की जांच की। सोने की तस्करी के लिए इस्तेमाल की जाने वाली खोखों वाली 68 डीजे लाइटें मिलीं। इसमें 12 किलो वजनी और 9.6 करोड़ रुपए कीमत का सोना डीआरआई विभाग ने जब्त किया है।

### पिछले हफ्ते 48 किलो सोना जब्त

पिछले कुछ दिनों से राजस्व खुफिया निदेशालय ने एयरपोर्ट पर भारी मात्रा में सोना जब्त किया है। पिछले हफ्ते 48 किलो सोना जब्त किया गया था। डीआरआई अधिकारियों ने मीडिया से बातचीत में अनुमान लगाया है कि सिंडिकेट द्वारा देश में बड़ी मात्रा में सोने की तस्करी की गई है। इसी बीच अधिकारियों को आज की गयी कार्रवाई की गुप्त सूचना मिल गयी।

### DRI की कार्रवाई में 10 करोड़ का सोना जब्त

दो दिन पहले भी डीआरआई ने सोना तस्करों को बड़ा झटका दिया था। 10 करोड़ रुपए का सोना जब्त किया गया। इस मामले में यह बात सामने आई कि मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फूड कोर्ट में काम करने वाले तीन कर्मचारी ही सोने की तस्करी में मदद कर रहे थे। इस मामले में 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है, जिनमें एयरपोर्ट पर फूड कोर्ट में काम करने वाले तीन लोग भी शामिल हैं। ऑपरेशन में सोने की तस्करी में शामिल एक बड़े सिंडिकेट का पर्दाफाश हुआ। हवाई अड्डे के कर्मचारी एक सिंडिकेट का हिस्सा थे। अंतर्राष्ट्रीय परिवहन यात्रियों से सोना इकट्ठा करता था और उसे हवाई अड्डे के बाहर पहुंचाता था। इसकी जानकारी डीआरआई को मिलने के बाद डीआरआई अधिकारियों ने एयरपोर्ट पर निगरानी की और कार्रवाई करते हुए छह लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

## कुत्ते-बिल्ली के काटने से युवक की मौत



**कल्याण।** एक 27 वर्षीय युवक की कुत्ते और बिल्ली के काटने से मौत हो गई। यह घटना कल्याण पश्चिम के गोल्डन पार्क बिल्डिंग में हुई। मृतक युवक की पहचान शुभम मनोज चौधरी (27) के रूप में हुई है। एक आवारा कुते द्वारा काटे जाने के बाद, कुछ दिनों बाद उसे एक बिल्ली ने काट लिया। लेकिन इस युवक ने इलाज नहीं कराया। फिर तीन दिन पहले उसे परेशानी होने लगी। इसके बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया । लेकिन इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। शुभम कल्याण पश्चिम में गोल्डन पार्क बिल्डिंग के एक घर में रहता था। शुभम के पिता घाटकोपर में एक निजी मेडिकल दुकान में काम करते हैं। शुभम ने डिप्लोमा की पढ़ाई की है और नौकरी की तलाश में था। दो महीने पहले, शुभम अपना खाना खाकर बिल्डिंग के नीचे टहलने गया था।

## नालासोपारा स्टेशन पर पैदल ऊपरी पुल की पश्चिमी ओर की सीढ़ी अस्थायी रूप से रहेगी बंद

डीबीडी संवाददाता । नालासोपारा

नालासोपारा स्टेशन पर स्टेशन सुधार कार्य के कारण प्लेटफ़ॉर्म क्रमांक 1 पर दक्षिणी छोर के पैदल ऊपरी पुल (FOB) को दक्षिण से दूसरे पैदल ऊपरी पुल से जोड़ने वाले एलिवेटेड डेक का कार्य प्रगति पर है। इसलिए, प्लेटफ़ॉर्म क्रमांक 1 पर स्थित पैदल ऊपरी पुल (दक्षिणी छोर मध्य-खंड) की पश्चिमी ओर की सीढ़ी 20 दिसंबर 2024 से 45 दिनों के लिए अस्थायी रूप से बंद रहेगी।




### पश्चिम रेलवे ने जताया खेद

पश्चिम रेलवे ने इस असुविधा के लिए यात्रियों से खेद व्यक्त किया है और यात्रियों को कार्य के शीघ्र पूरा होने का आश्वासन दिया है।

# रेत से लदे ट्रक का एक्सीडेंट

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में शुक्रवार तड़के रेत से लदे ट्रक ने एक अन्य मालवाहक वाहन को टक्कर मार दी। हालांकि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ और ट्रक ट्रक चालक को मामूली चोटें आईं। ठाणे नगर निगम के एक अधिकारी के हवाले से बताया कि यह दुर्घटना मुंब्रा बाईपास रोड पर टोल बूथ के पास सुबह करीब 4.45 बजे हुई। दुर्घटना के बाद करीब एक घंटे तक यातायात बाधित रहा। अधिकारी ने बताया कि ट्रक 28 टन रेत लेकर गुजरात से रायगढ़ जिले के कर्जत जा रहा था। उन्होंने बताया कि चालक रियाज अहमद (48) ने ट्रक पर से नियंत्रण खो दिया और ट्रक ढलान पर एक अन्य वाहन से टकरा गया।

## स्कूलों के बाद अब RBI को मिली धमकी

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

देश में स्कूलों, एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशनों को बम से उड़ाने की धमकी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। शुक्रवार सुबह दिल्ली के कई स्कूलों को धमकी मिली। तो वहीं एक दिन पहले भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) को बम से उड़ाने की धमकी मिली। यह धमकी भरा ई-मेल गुरुवार दोपहर आरबीआई की आधिकारिक वेबसाइट




पर भेजा गया। जिसकी जानकारी शुक्रवार सुबह लगी। ई-मेल में रूसी भाषा में रिजर्व बैंक को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इसके पहले भी रिजर्व बैंक को बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है। इस मामले में माता रमाबाई मार्ग (MRA मार्ग) पुलिस स्टेशन में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसके पहले पिछले महीने भी रिजर्व बैंक को धमकी मिली थी। दिल्ली के तीन स्कूलों को 13 दिसंबर को बम से उड़ाने की धमकी भरा मेल मिला। जिसके बाद विभिन्न एजेंसियों ने स्कूल परिसर की तलाशी शुरू कर दी।

# सूचना का अधिकार विषय पर विशेष कार्यशाला उत्साहपूर्वक संपन्न

डीबीडी संवाददाता । नवी मुंबई

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के लागू होने के दौरान सरकारी अधिकारियों और कर्मचारियों को आने वाली समस्याओं का समाधान करने और अधिनियम की व्यापक जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला के माध्यम से कानून




की पुनरावृत्ति होगी, और सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदनों पर उचित कार्रवाई सुनिश्चित होगी, जिससे अपीलों की संख्या में कमी आएगी। यह विश्वास महाराष्ट्र राज्य सूचना आयोग के कोंकण खंडपीठ के आयुक्त शेखर चन्ने ने व्यक्त किया।

### राज्य सूचना आयोग कोंकण खंडपीठ द्वारा आयोजित

महाराष्ट्र राज्य सूचना आयोग, कोंकण खंडपीठ द्वारा नवी मुंबई महानगरपालिका और यशदा, पुणे के सहयोग से महानगरपालिका मुख्यालय के ज्ञान केंद्र में आयोजित ₹सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 – एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला₹ के उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर नवी मुंबई महानगरपालिका आयुक्त डॉ. कैलास शिंदे, अतिरिक्त आयुक्त सुनिल पवार, प्रशासन विभाग के उपआयुक्त शरद पवार और शहर अभियंता शिरीष आरदवाड़ उपस्थित रहे। आयोग की ओर से उप सचिव श्रीमती रीना फणसेकर ने उपस्थित लोगों का स्वागत किया। इस कार्यशाला में नवी मुंबई महानगरपालिका के साथ-साथ कल्याण-डोंबिवली, मीरा-भाईंदर, उल्हासनगर, और पनवेल महानगरपालिका के जनसूचना अधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए।

# जल जीवन मिशन को प्रभावी बनाने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

ग्रामीण स्तर पर जल जीवन मिशन कार्यक्रम को प्रभावी बनाने और जल आपूर्ति योजना के संचालन, रखरखाव, मरम्मत, और सुव्यवस्थित प्रबंधन के लिए हितधारकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। यह कार्यक्रम 16 दिसंबर 2024 से 9 जनवरी 2025 तक आयोजित किया जाएगा। हिमालय इंस्टीट्यूट फॉर एनवायरनमेंट इकोलॉजी एंड डेवलपमेंट, देहरादून (उत्तराखंड) की ओर से 1,970 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

### ग्राम स्तर पर समस्याओं का समाधान



जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में जल समस्याओं का समाधान और जल आपूर्ति की उत्तम व्यवस्था सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे ने बताया कि जल जीवन मिशन के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर जल आपूर्ति योजनाओं के संचालन, रखरखाव और प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण ग्राम स्तर की समस्याओं का समय पर समाधान सुनिश्चित करने में सहायक होगा।

### प्रशिक्षणार्थियों की संख्या और वितरण

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों के हितधारकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। परियोजना निदेशक (जल जीवन मिशन) प्रमोद काले ने बताया कि 1,970 प्रशिक्षुओं को जल आपूर्ति और प्रबंधन की कुशलता के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।

- **मुरबाड :** 445 प्रशिक्षु
- **शाहपुर :** 550 प्रशिक्षु
- **भिवंडी :** 605 प्रशिक्षु
- **कल्याण :** 230 प्रशिक्षु
- **अंबरनाथ :** 140 प्रशिक्षु

## राकांपा नेताओं को शरद पवार की पार्टी को 'तोड़ने' के लिए कहा गया : संजय राउत

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत ने शुक्रवार को दावा किया कि भाजपा ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता प्रफुल्ल पटेल और अजित पवार को शरद पवार के नेतृत्व वाली राकांपा (एसपी) को तोड़ने का काम सौंपा है। राउत ने मुंबई में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि शरद पवार 84 साल की उम्र में भी कड़ी मेहनत कर रहे हैं, लेकिन उनकी पार्टी में फूट डालने की कोशिश की जा रही है। राज्यसभा सदस्य राउत ने कहा कि विपक्षी पार्टी से नाता तोड़ने वाले व्यक्ति को अपने कृत्य पर शर्म आनी चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार में मंत्री बनने के लिये राजग के सहयोगी दल के पास छह सांसद होने चाहिये, इसलिये राकांपा को मंत्रिमंडल में स्थान नहीं मिला है। राउत ने दावा किया, ''भाजपा ने प्रफुल्ल पटेल और



अजित पवार को राकांपा (एसपी) के पांच सांसदों को अपने पक्ष में करने के लिए कहा है। इसके बाद ही राकांपा को केंद्रीय मंत्रिमंडल में जगह दी जाएगी।'' राउत ने कहा कि जो लोग पार्टी छोड़ने के बारे में सोच रहे हैं वे (शरद) पवार साहब को नहीं, बल्कि महाराष्ट्र को हरा रहे हैं। राकांपा (एसपी) के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल ने संपर्क करने पर बताया कि मीडिया के एक वर्ग में जारी की गयी, ऐसी खबरें झूठी और मनगढ़ंत हैं, कि उनकी पार्टी भाजपा नीत गठबंधन में शामिल होने या अजित पवार के खेमे से हाथ मिलाने की योजना बना रही है।

# प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का भूमिपूजन

### 1 करोड़ 43 लाख रुपये की निधि स्वीकृत

आशु विश्वकर्मा । पालघर

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत जिला एकात्मिक स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, पालघर द्वारा जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं जिला परिषद एकीकृत स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सोसायटी के आदेशानुसार सफाले के पारगांव में प्रस्तावित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण कार्य का भूमिपूजन संपन्न हुआ। सफाले क्षेत्र में स्वास्थ्य केंद्र की मांग लंबे समय से चल रही थी। सभापति मनीषा निमकर, पंचायत समिति सदस्य कामिनी पाटील और स्थानीय ग्रामवासियों के प्रयासों से पिछले वर्ष पारगांव में स्वास्थ्य केंद्र निर्माण की स्वीकृति प्राप्त हुई थी। जिला स्वास्थ्य अधिकारी संतोष चौधरी ने जानकारी दी कि इस परियोजना के लिए सरकार ने 1 करोड़ 43 लाख रुपये की धनराशि मंजूर की है। निर्माण कार्य आगामी छह माह में पूरा कर लिया जाएगा, और जून के बाद से यह स्वास्थ्य केंद्र आम जनता के लिए उपलब्ध होगा।



### स्वास्थ्य केंद्र की सुविधाएं:

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पारगांव में चिकित्सा कक्ष, महिला कक्ष, पुरुष कक्ष, प्रयोगशाला, आपातकालीन कक्ष, औषधि निर्माण अधिकारी कक्ष और कैंटीन जैसी सुविधाएं होंगी।

### भूमिपूजन कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य:

इस कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश निकम, विधायक विलास तरे, समाज कल्याण सभापति मनीषा निमकर, सभापति शैला कोलेकर, पंचायत समिति सदस्य कामिनी पाटील, सरपंच अंकुश जाबर, उपसरपंच वैभवी पाटील, ग्रामसेवक महेश किणी, डॉ. मनोज विश्वकर्मा, अमित सोनवणे, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामवासी उपस्थित थे।

# 14 दिसंबर से नवी मुंबई में महालक्ष्मी सरस - 2024 का आयोजन

## ग्रामीण महिलाओं के लिए समग्र विकास का मंच

डीबीडी संवाददाता । नवी मुंबई

महाराष्ट्र राज्य ग्रामीण विकास मिशन (यूएमईडी) की ओर से नवी मुंबई के वाशी स्थित सिडको प्रदर्शनी केंद्र में राज्य स्तरीय महालक्ष्मी सरस प्रदर्शनी - 2024 का आयोजन 14 से 25 दिसंबर 2024 तक किया




जाएगा। यह जानकारी अभियान के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रुचेश जयवंशी ने दी।

### महिलाओं को सशक्त बनाने की पहल

इस प्रदर्शनी का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से संगठित करना और उनके उत्पादों को व्यवसायिक अवसर प्रदान करना है। यह पहल उनके समग्र विकास और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए की जा रही है। पिछले वर्ष प्रदर्शनी को नवी मुंबई के लोगों से शानदार प्रतिक्रिया मिली थी। इस वर्ष भी वाशी के सिडको प्रदर्शनी केंद्र में आयोजन किया जा रहा है, जिससे नवी मुंबई के निवासी इस विशेष आयोजन का लाभ उठा सकें।

## अकेले टहलने पर पत्नी को तीन तलाक, केस दर्ज

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

महाराष्ट्र के ठाणे जिले में अपनी पत्नी को 'तीन तलाक देने वाले व्यक्ति के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। देश में 2019 में तीन तलाक पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। अधिकारी ने बताया कि मुंब्रा क्षेत्र निवासी 31 वर्षीय आरोपी ने मंगलवार को अपनी 25 वर्षीय पत्नी के पिता को फोन किया। व्यक्ति ने कहा कि वह 'तीन तलाक के जरिए अपने विवाह संबंध को रद्द कर रहा है। वह अपनी पत्नी के अकेले टहलने जाने से नाराज है। पत्नी ने बुधवार को पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने व्यक्ति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 351(4) आपराधिक धमकी और मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है।

# 'खतरे में हिंदू! क्या कर रहे मोदी'

## उद्धव ने बांग्लादेश के मुद्दे पर बीजेपी पर साधा निशाना

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना यूबीटी चीफ उद्धव ठाकरे के बयान पर बीजेपी ने कड़ी आपत्ति व्यक्त की है। उद्धव ठाकरे ने शुक्रवार को 80 पुराने मंदिर को तोड़ने के साथ बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमलों को लेकर पीएम मोदी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार को निशाने पर लिया था। उद्धव ठाकरे ने कहा था कि 80 साल पुराने मंदिर को तोड़ने का बीजेपी सरकार का नोटिस है। अब कहां है आपका हिंदुत्व? उद्धव ठाकरे ने मोदी सरकार से सवाल पूछते हुए कहा था कि बांग्लादेश के मुद्दे पर केंद्र सरकार क्या कर रही है। ठाकरे ने तंज कसते हुए कहा कि अगर पीएम मोदी रूस यूक्रेन युद्ध रोक दिया तो तो उन्हें बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार भी रोकना चाहिए। ठाकरे ने कहा कि इस संबंध में मोदी सरकार क्या कदम उठा रही है? इसके लिए हमारे सांसदों ने उनसे मिलने का समय मांगा, लेकिन वह नहीं मिला।

### क्या बोले थे उद्धव ठाकरे?

उद्धव ठाकरे ने मातोश्री में एक प्रेस कांफ्रेंस में पीएम मोदी के ऊपर टिप्पणी की थी। ठाकरे ने कहा था कि शिवसेना के हमारे सांसदों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलने का समय मांगा था, लेकिन इसे खारिज कर दिया गया। इसलिए मैंने सांसदों से कहा कि वे प्रधानमंत्री को एक लिखें। उद्धव ठाकरे ने लिखा कि वे बहुत व्यस्त हैं। वे खूब घूमना-फिरना चाहते हैं। उद्धव ठाकरे ने मोदी पर तंज कसते हुए कहा कि उनका बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार पर ध्यान नहीं गया होगा। इसके बाद ठाकरे ने पूछा था कि बांग्लादेश के मुद्दे पर मोदी सरकार क्या कदम उठा रही है?

### उद्धव ठाकरे ने पूछा कहां से आया नोटिस?

उद्धव ठाकरे ने कहा कि मुंबई के दादर रेलवे स्टेशन के बाहर 80 साल पुराना हनुमान मंदिर है। यह रेलवे कुलियों द्वारा बनाया गया एक हनुमान मंदिर है। रेलवे ने इसे तोड़ने का नोटिस भेजा है, तो आपका हिंदुत्व कहां है? उद्धव ठाकरे ने हिंदुत्व पर बीजेपी को घेरते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा कि आखिर आपकी हिंदुत्व की परिभाषा क्या है? क्या आपका हिंदुत्व सिर्फ चुनाव के लिए है? क्या हिंदुत्व केवल हिंदुओं की राय के लिए है? आपको हिंदू वोट चाहिए। आप इसके लिए उन्हें डरा रहे हैं। आप बटेंगे ते कटेंगे जैसे नारे लगा रहे हैं? उद्धव ठाकरे ने बांग्लादेश देश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर हमारी क्या स्थिति है? सरकार को यह बात संसद में बतानी चाहिए।

### ठाकरे के बयान पर बीजेपी का पलटवार



चंद्रशेखर बावनकुले ने उद्धव ठाकरे के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी महाराष्ट्र बीजेपी के प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने उद्धव ठाकरे के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने एक्स पर लिखा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ऊपर टिप्पणी करने की उद्धव ठाकरे की औकात नहीं है। बावनकुले ने लिखा है कि कांग्रेस की गोद में बैठकर उद्धव ठाकरे आज हिंदुओं की रक्षा की बात कर रहे हैं। आपके (उद्धव ठाकरे) ढाई साल के शासन के दौरान लोगों ने देखा कि आपका हिंदुओं के प्रति प्रेम कितना ख़राब था। बावनकुले ने आगे लिखा है कि महाराष्ट्र ने पालघर में साधुओं का नरसंहार और आपका हिंदू विरोधी रुख देखा था। बावनकुले ने लिखा है कि बीजेपी बांग्लादेश में हिंदुओं के साथ खड़ी है।

### उद्धव ठाकरे पर भड़कीं नवनीत राणा



महाराष्ट्र में महायुति ने उद्धव ठाकरे के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। पूर्व सांसद नवनीत राणा ने कहा कि "महा विकास अघाड़ी सरकार के शासन काल में मुझे हनुमान चालीसा पढ़ने के कारण 14 दिन जेल में डाल दिया था। हमारे ऊपर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया गया। तब जनाब उद्धव ठाकरे का हिंदुत्व कहां गया था? आज वह देश के प्रधानमंत्री के बारे में बात कर रहे हैं। लेकिन ठाकरे, आप देश के प्रधानमंत्री के बारे में बात करने के लायक नहीं हैं।"

### कांग्रेस को उद्धव ठाकरे की जरूरत नहीं



शिवसेना विधायक संजय शिरसाट ने कहा कि लोकसभा में मुसलमानों से जो लाभ उद्धव को हुआ था, वह विधानसभा में नहीं हुआ, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। दादर के मंदिर को नोटिस के मुद्दे पर उद्धव प्रेस कॉन्फ्रेंस ले रहे हैं यह चौंकाने वाली बात है। बालासाहेब ने जिन्हें लात मारी उद्धव सत्ता के लिए उनके साथ बैठे, लेकिन उन साथियों को अब उद्धव की जरूरत नहीं है। इसलिए उद्धव हिंदुत्व के मुद्दे पर वापसी का प्रयास कर रहे हैं। लेकिन उनमें वह जोश दिखा नहीं। बांग्लादेश में जो हो रहा है उस पर मोदी सरकार सख्त रुख अपना रही है। लेकिन लोकसभा चुनाव में जीत के बाद उद्धव के जुलूस में पाकिस्तानी झंडे लहराए गए थे। उद्धव को पहले उसका जवाब देना चाहिए।

# मुंबई बनेगा भारत का फिनटेक हब

## देवेंद्र फडणवीस बोले- दुनिया को नई राह दिखाएगी मोदी का मोदी का हिंदू वृद्धि दर मॉडल

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को आर्थिक राजधानी के रूप में मुंबई की भूमिका पर प्रकाश डाला और देश का फिनटेक हब बनने की राज्य की उम्मीदों को खरा उतारने की कोशिशों को जाहिर किया। फडणवीस ने विश्व आर्थिक हिंदू फोरम में राज्य के लिए एक आशाजनक भविष्य की परिकल्पना करते हुए कहा, "मुंबई न केवल भारत की आर्थिक राजधानी है, बल्कि जल्द ही फिनटेक हब के रूप में देश का नेतृत्व करेगी। महाराष्ट्र इस परिवर्तन का नेतृत्व करने के लिए तैयार है।"

### मोदी का हिंदू वृद्धि दर मॉडल



महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने यहां विश्व हिंदू आर्थिक मंच को संबोधित करते हुए कहा, "मोदी का हिंदू वृद्धि दर मॉडल दुनिया को एक नई दिशा दिखाएगा। आज देश सबसे तेजी से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बन गया है। हिंदू वृद्धि दर 1950 और 1980 के दशक के बीच भारत की धीमी आर्थिक वृद्धि की ओर इशारा करती थी।"

उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र भी इस वृद्धि गाथा का हिस्सा बनने और 2028 तक 1,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की आकांक्षा रखता है। फडणवीस ने कहा कि बुनियादी ढांचे के विकास को बढ़ावा देने के अलावा सरकार राज्य में हरित ऊर्जा और जल संरक्षण के क्षेत्र में काम कर रही है। उन्होंने प्रौद्योगिकी को समावेशी बताया और कहा कि यह विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

### आर्थिक महाशक्ति बनेगा भारत

देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी सतत विकास में विश्वास करते हैं और उन्होंने अर्थशास्त्र पर ध्यान केंद्रित करने के अलावा सांस्कृतिक और सामाजिक प्रगति की दिशा में भी काम किया है। उन्होंने विश्वास जताया कि भारत एक आर्थिक महाशक्ति बनेगा और महाराष्ट्र इसकी रीढ़ बनकर उभरेगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले वर्षों में मुंबई देश की फिनटेक राजधानी बन जाएगी। उन्होंने आर्थिक और सामाजिक क्षेत्रों में हिंदू लोकाचार पर आधारित विकास का नजरिया देने के लिए विश्व हिंदू आर्थिक मंच की सराहना की। देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि पश्चिमी दुनिया 'सबसे योग्य की उत्तरजीविता' में विश्वास करती है, लेकिन हिंदू लोकाचार के अनुसार जो कोई भी पैदा हुआ है वह जीवित रहेगा और समाज यह सुनिश्चित करेगा कि ऐसा हो।

# 2029 तक पीएम नहीं रहेंगे नरेंद्र मोदीः संजय राउत



मुंबईः गुरुवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'एक राष्ट्र एक चुनाव' विधेयक को मंजूरी दे दी, जिससे इसे संसद में पेश करने का रास्ता साफ हो गया। हालांकि, संसद में पेश किए जाने से पहले इस विधेयक पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच बहस शुरू हो गई। शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने शुक्रवार को "एक राष्ट्र, एक चुनाव" विधेयक की आलोचना करते हुए इसे लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया। उन्होंने भाजपा पर ईवीएम में हेराफेरी करके महाराष्ट्र में सरकार बनाने का भी आरोप लगाया।

### संजय राउत का बयान

एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए शिवसेना (यूबीटी) सांसद संजय राउत ने कहा, "इस बारे में कोई उचित संशोधन या शोध नहीं किया गया है। मोदी जी हमेशा अपने मन की बात करते हैं। वे कभी नहीं सोचते कि जनता के मन में क्या है या विपक्ष के लोगों के मन में क्या है। मुझे संदेह है कि मोदी 2029 तक प्रधानमंत्री बने रहेंगे या नहीं। यह लोकतंत्र के लिए सबसे बड़ा खतरा है। महाराष्ट्र, दिल्ली में आपकी सरकारें, ये लोकतंत्र द्वारा बनाई गई सरकारें नहीं हैं। ये ईवीएम द्वारा बनाई गई सरकारें हैं।"

# मध्य रेलवे का मेगा ब्लॉक



डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मध्य रेल, मुंबई मंडल ने अपने उपनगरीय खंडों पर रविवार को इंजिनियरिंग और रखरखाव कार्यों के लिए मेगा ब्लॉक का आयोजन करने की घोषणा की है। इस दौरान फास्ट और हार्बर लाइन की सेवाओं में बदलाव किए जाएंगे, जिससे यात्रियों को अस्थाई असुविधा का सामना करना पड़ सकता है।

### मेन लाइन मेगा ब्लॉक टाइमिंग

विद्याविहार और ठाणे स्टेशनों के बीच 5वीं और 6वीं लाइन सुबह 08.00 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक यूपी मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों का मार्ग परिवर्तन किया जाएगा। एलटीटी जाने वाली ट्रेनों को विद्याविहार स्टेशन पर 6वीं लाइन पर फिर से डायवर्ट किया जाएगा। ट्रेन नंबर 11010 पुणे-सीएसएमटी सिंहगढ़ एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 12124 पुणे-सीएसएमटी डेक्कन क्वीन, ट्रेन नंबर 13201 पटना-एलटीटी एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 17221 काकीनाडा-एलटीटी एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 12126 पुणे-सीएसएमटी प्रगति एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 12140 नागपुर-सीएसएमटी एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 22226 सोलापुर-सीएसएमटी वंदे भारत एक्सप्रेस अप मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों को ठाणे में अप फास्ट लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा। ट्रेन नंबर 11055 एलटीटी-गोरखपुर एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 11061 एलटीटी-जयनगर पवन एक्सप्रेस, ट्रेन नंबर 16345 एलटीटी-तिरुवनंतपुरम नेत्रावती एक्सप्रेस डाउन मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों को विद्याविहार स्टेशन पर डाउन फास्ट लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा और 5वीं लाइन पर ठाणे में फिर से डायवर्ट किया जाएगा और सौंप दिया जाएगा।

### हार्बर लाइन ब्लॉक का टाइम टेबल

सुबह 10.33 बजे से दोपहर 3.49 बजे तक पनवेल से प्रस्थान करने वाली सीएसएमटी की ओर अप हार्बर लाइन सेवाएं और सुबह 9.45 बजे से दोपहर 3.12 बजे तक सीएसएमटी से प्रस्थान करने वाली पनवेल/बेलापुर की डाउन हार्बर लाइन सेवाएं रद्द रहेंगी।

### ट्रांस हार्बर लाइन का टाइम टेबल

सुबह 11.02 बजे से दोपहर 3.53 बजे तक पनवेल से ठाणे के लिए प्रस्थान करने वाली अप ट्रांस-हार्बर लाइन सेवाएं और सुबह 10.01 बजे से दोपहर 3.20 बजे तक ठाणे से पनवेल के लिए प्रस्थान करने वाली डाउन ट्रांस-हार्बर लाइन सेवाएं रद्द रहेंगी। ब्लॉक अवधि के दौरान सीएसएमटी मुंबई-वाशी खंड पर विशेष लोकल ट्रेनें चलेंगी। ब्लॉक अवधि के दौरान ठाणे-वाशी/नेरुल स्टेशनों के बीच ट्रांस-हार्बर लाइन सेवाएं उपलब्ध होंगी। ब्लॉक अवधि के दौरान बेलापुर/नेरुल और उरण स्टेशनों के बीच पोर्ट लाइन सेवाएं उपलब्ध होंगी। ये रखरखाव मेगा ब्लॉक बुनियादी ढांचे के रखरखाव और सुरक्षा के लिए आवश्यक हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि वे असुविधा के लिए रेलवे प्रशासन का साथ दें।

## पश्चिम रेलवे का बोरीवली एवं गोरेगाँव स्टेशनों के बीच जम्बो ब्लॉक

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा ट्रैक, सिगनलिंग तथा ऊपरी उपस्करों के रख-रखाव हेतु रविवार, 15 दिसम्बर, 2024 को बोरीवली तथा गोरेगाँव स्टेशनों के बीच 10.00 बजे से 15.00 बजे तक अप तथा डाउन धीमी लाइनों पर पाँच घंटे का जम्बो ब्लॉक लिया जायेगा। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार ब्लॉक अवधि के दौरान अप तथा डाउन लाइन की सभी धीमी ट्रेनों को गोरेगाँव तथा बोरीवली के बीच फास्ट लाइनों पर चलाया जायेगा। ब्लॉक के कारण कुछ अप एवं डाउन उपनगरीय सेवाएँ निरस्त रहेंगी तथा कुछ अँधेरी और बोरीवली लोकल ट्रेनों को गोरेगांव स्टेशन तक चलाया जायगा। ब्लॉक अवधि के दौरान बोरीवली स्टेशन के प्लेटफॉर्म सं. 1, 2, 3 एवं 4 में से किसी भी प्लेटफॉर्म पर ट्रेनों का आगमन/प्रस्थान नहीं होगा। इस ब्लॉक की विस्तृत जानकारी संबंधित स्टेशन मास्टरों के पास उपलब्ध है। यात्रियों से अनुरोध है कि वे यात्रा प्रारम्भ करते समय उपरोक्त व्यवस्था को ध्यान में रखें।


**मध्य रेल**

**मरम्मत एवं अन्य कार्यों के लिए अनुबंध**

**कार्य का विवरणः** शौचालय की मरम्मत ओर स्ट्रिपिंग, ओवरहालिंग और लीकेज परीक्षण और ओवरहेड वॉटर टैंकों की फिटींग और बायो-डाइजेस्टर टैंकों की डिस्मेंटलिंग, सफाई, मरम्मत और री-फिटमेंट और अपशिष्ट प्रबंधन, कोचों की पेंटिंग और स्ट्रिपिंग, री-कुशनिंग के लिए कार्य अनुबंध, 3 सीटर और 2 सीटर बैकरेस्ट के अपहोल्स्ट्री फैब्रिक को नए और फिटिंग से बदलना डेमू कोच में। **अनुमानित लागतः** ₹ 2524390.76. **ईएमडीः** ₹ 50500/-. **निविदा प्रपत्र का शुल्कः** NIL. **समापन अवधिः** 6 महीना। **निविदा जमा करने की तिथि एवं अवधीः** 01/01/2025, 11:00 बजे तक। **बोली शुरू करने की तारीखः** 18/12/2024. **टेंडर केवल ई-टेंडरिंग में वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। टेंडर पंजिका वेबसाइट में उपलब्ध है।**

**निविदा सूचना क्र. आरआर/पीआर/एसएनपीडी/278/24-25/54**

608

**रेलवे फाटक को बंद स्थिति में पार करना मना है**


# मध्य रेलवे के महाप्रबंधक ने दौंड-सोलापुर खंड का किया निरीक्षण



**मुंबई।** मध्य रेलवे के महाप्रबंधक धर्म वीर मीना ने 13 दिसंबर 2024 को सोलापुर मंडल के दौंड-सोलापुर खंड का निरीक्षण किया। दौरा दौंड स्टेशन पर कवर ओवर प्लेटफॉर्म (सीओपी) और वॉटरप्रूफिंग के लिए सीलिंग सहित सुविधाओं के निरीक्षण से शुरू हुआ।

### स्टेशन और सर्कुलेटिंग क्षेत्रों का निरीक्षण

जेउर स्टेशन पर उन्होंने स्टेशन, सर्कुलेटिंग एरिया और इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग का निरीक्षण किया। कुर्दुवाड़ी में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत चल रहे कार्यों और गुड्स शेड का जायजा लिया।

### सुरक्षा और परिचालन दक्षता पर जोर

मीना ने वडसिंगे-माधा खंड पर एलसी गेट नंबर 40 और मोहोल के ट्रैक्शन पावर सबस्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने सोलापुर स्टेशन पर यात्री सुविधाओं और अमृत स्टेशन योजना के कार्यों को भी जांचा।

### अस्पताल-यूनियन प्रतिनिधियों से चर्चा

सोलापुर मंडल रेलवे अस्पताल में उन्होंने अस्पताल प्रबंधन सूचना सेवा (HMIS) प्रणाली का उद्घाटन किया। यूनियन और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उनकी चिंताओं का समाधान किया।

### पुलों और ट्रैक की उच्च गति योजना की समीक्षा

महाप्रबंधक ने भिगवान-जिंती रोड सेक्शन में ब्रिज नंबर 301/2-3 का निरीक्षण किया और 130 किमी प्रति घंटे तक की हाई-स्पीड ट्रैक योजना के लिए एच-बीम के उपयोग की समीक्षा की। उन्होंने स्प्लिट पिन नट की जगह 'सेपर' नट जैसे चोरी-रोधी तंत्र की सराहना की।

### गैंगमैन और अन्य श्रमिकों से संवाद

महाप्रबंधक ने गैंग नंबर 3 और 4 का दौरा किया, गैंगमैनों से सेवा शर्तों पर चर्चा की, और काम के दौरान उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।


**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

**ई-निविदा सूचना**

| | | |
|---|---|---|
| विभाग | : | ठोस अपशिष्ट प्रबंधन |
| सेक्शन | : | मुख्य.अभि.(एसडब्लूएम)/ए. ई.(एसडब्लूएम)एफ/नॉर्थ |
| निविदा क्र. | : | 2024-एमसीजीएम-1124036-1 |
| विषय | : | "एफ/उत्तरी वार्ड में एंटॉप हिल सेक्शन चौकी के मौजूदा उपयोगी स्थान के पुनरुद्धार और नवीनीकरण का कार्य." |
| निविदा शुरू की तिथि और समय | : | 14.12.2024 को सुबह 11.00 बजे |
| निविदा समाप्ति की तिथि और समय | : | 21.12.2024 को शाम 16.00 बजे |
| वेबसाइट | : | https://mahatenders.gov.in (महाराष्ट्र सरकार की ई-खरीद प्रणाली पर) |
| संपर्क व्यक्तिः | | |
| ए. नाम | : | श्री गोपाल खटके, ए.ई.(एस. डब्लू. एम) |
| बी टेलीफोन | : | 022-24014356 |
| सी ई-मेल आईडी | : | aeswm01.fn@mcgm.gov.in |

पीआरओ/1973/विज्ञा./2024-25

हस्ता.
सहा.अभि.(एसडब्लूएम) एफ/नॉर्थ

**समय पर उपचार, बचाएं प्राण।**



**ULHASNAGAR MUNICIPAL CORPORATION**

**PUBLIC WORKS DEPARTMENT TENDER NOTICE**

Sealed Tender for the following works are invited by the Ulhasnagar Municipal Corporation from Contractors who are registered with Maharashtra state PWD, CPWD, MJP, BMC, etc in appropriate class. The bank tender forms can be had from the office of the city Engineer, Ulhasnagar Municipal Corporation PWD section from 14/12/2024 to 20/12/2024 on all working days from 11.00 hours to 15.00 hours on payment of Rs.590/- (Non Refundable) against each work in the form of DD/Cash. The tender will be received in the office of Executive Engineer, Ulhasnagar Municipal Corporation till 20/12/2024 up to 15.00 hours an will be opened on same day if possible.

| Sr No. | Tender Notice No. | Name of Work | Amount Put to tender | EMD | Time Limit | Class of Registration |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | UMC/PWD/ Notice/2024-25/1/1 | Construction and covering of drain nalla near navi gate mata mandir milind nagar unr-3 | 1000000 | 1% | 3 Month | VI th |
| 2 | UMC/PWD/ Notice/2024-25/1/2 | Construction of ee pavement and drain from near narayands hospital Brk No.894,898, Section-20 Ulhasnagar-3 | 699100 | 1% | 3 Month | VI th |

1) Tender Documents shall neither be sent or received by post.
2) Right to reject any or all tenders without assigning any reasons what so ever is reserved with city Engineer.
3) Affidavit of Rs.100/- Stamp Paper in Prescribed form given in Annexure I Sworn before Executive Magistrate/ Notary shall be uploaded offline (As per शासन निर्णय क्रं.सीएटी/2022/प्र.क्र./ 50/ इमा-2, दिनांक 11मे, , 2022 Tender will be liable for action under Indian penal code for submission of any false/fraudulent paper/information submitted in envelope no
4) Conditional tenders will be Summarily rejected.

**Date :**
**Place : Ulhasnagar**

**जा.क्र. उमपा/पिआरओ/ 459/2024**
**दिनांक- 13/12/2024**

**हस्ता/-**
**Exexutive Engineer**
**Ulhasnagar Municipal Corporation**

DBD दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



संपादकीय

# सुविधा की निकासी

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन यानी ईपीएफओ ने अपने खाताधारकों को अगले साल से सीधे एटीएम से पैसा निकालने की सुविधा देने का फैसला किया है। अब तक विभागीय जटिल प्रक्रिया व लालफीताशाही के चलते कर्मचारियों को जरूरत पड़ने पर अपना ही पैसा निकालने के लिये दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते थे। कुल मिलाकर धन निकासी में विभागीय हस्तक्षेप कम करने का प्रयास किया गया है। निश्चित रूप से श्रम मंत्रालय की यह पहल सामाजिक सुरक्षा को सरल बनाने की दिशा में एक बड़ा बदलावकारी कदम है। यह कदम दक्षता सुधार व कर्मचारियों की अपने पैसे तक पहुंच बढ़ाने के लिये सार्वजनिक सेवा के साथ प्रौद्योगिकी के एकीकरण का अच्छा उदाहरण है। दरअसल, फिलहाल ईपीएफओ की निकासी प्रक्रिया में देरी के कारण खाताधारकों को लंबा इंतजार करना पड़ता है। काफी समय के बाद जरूरतमंदों के खाते तक जरूरी राशि पहुंच पाती है। निश्चय ही पीएफ निकासी कार्ड का उद्देश्य उस लालफीताशाही को दूर करना है, जिसके चलते कर्मचारियों को पैसा समय पर मिल पाएगा। वैसे कुल राशि का पचास फीसदी निकासी सीमा तय करना, वित्तीय अनुशासन सुनिश्चित करने तथा दीर्घकालीन बचत सुरक्षा को बढ़ावा देना वाला कदम ही है। इसके अलावा भी ईपीएफओ अपने व्यापक एजेंडे के साथ आगे बढ़ रहा है, जिसमें योगदान की सीमा बढ़ाना, भविष्य निधि बचत को पेंशन के रूप में परिवर्तित करना भी शामिल है। निश्चित रूप से यह पहल सामाजिक सुरक्षा प्रणाली को आधुनिक बनाने की सरकार की प्रतिबद्धता को ही उजागर करती है। जिसका मकसद अपने कार्यबल के लिये डिजिटलीकरण को बढ़ाना तथा जीवनयापन को आसान बनाना भी है। यह सुखद ही है कि वर्ष 2017 के बाद ईपीएफओ के सत्तर मिलियन सदस्य बढ़े हैं। उल्लेखनीय है कि इस नई सुविधा के लिये संगठन ने अपने खाताधारकों को एक विशेष पीएफ कार्ड देने का निर्णय लिया है। जो बैंक के एटीएम कार्ड की तरह काम करेगा। बहरहाल, खाताधारक अगले साल जनवरी से अपने कार्ड के जरिये अपने खातों से सीधा पैसा निकाल सकेंगे। निस्संदेह, अब खाताधारकों के लिये पीएफ क्लेम करना और आसान हो जाएगा। वहीं एटीएम से पैसा निकालने की सुविधा के बाद इसमें मानवीय हस्तक्षेप हो जाएगा। लेकिन एक बार में खाताधारक पीएफ बैलेंस का अधिकतम पचास फीसदी धन ही निकाल पाएंगे। विभाग का कहना है कि आईटी सिस्टम को उन्नत किया जा रहा है ताकि क्लेम प्रक्रिया को आसान व तेज बनाया जा सके। अब खाताधारकों को ईपीएफओ ऑफिस जाने अथवा लंबी प्रक्रिया से गुजरने की जरूरत नहीं होगी। उपभोक्ता चौबीस घंटे, यहां तक कि छुट्टियों में भी पैसा निकाल सकेंगे। जिससे आपातकालीन जरूरतों को पूरा किया जा सकेगा। हालांकि, फिलहाल भी विशेष परिस्थितियों मसलन घर खरीदने, बच्चों की पढ़ाई, शादी व बीमारी पर एक निश्चित रकम निकालने का प्रावधान है। उसमें भी नौकरी की कार्यावधि तथा धन की निर्धारित रकम तक की सुविधा ही शामिल है। ऐसे ही सेवानिवृत्ति से कुछ समय पहले तक एक बड़ी रकम निकालने की सुविधा भी शामिल है। निश्चित रूप से हमारे श्रम बाजार को औपचारिक बनाने, भविष्य की चुनौतियों का मुकाबला करने तथा सामाजिक सुरक्षा के मद्देनजर इस कार्यबल को मेडिकल कवर व वित्तीय सहायता देना न्यायसंगत ही होगा। सरकार की पहल प्रौद्योगिकी संचालित सामाजिक कल्याण ढांचे में बदलाव की ओर संकेत देती है। इससे व्यवस्था परिचालन की विसंगतियों को दूर करते हुए नागरिक केंद्रित सेवाओं में सुधार के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का भी पता चलता है। निश्चित रूप से यह कदम कर्मियों के कल्याण के मद्देनजर समानता व सुविधा के साथ सार्वजनिक संस्थानों के प्रति भरोसा बढ़ाने वाला भी है।

# डोनाल्ड ट्रंप के ट्रंप कार्ड काश पटेल

अमेरिकी सत्ता में रिपब्लिकन हों या डेमोक्रेट, वे भारतीय प्रतिभाओं को नजरअंदाज नहीं कर सकते। भले ही भारतीय मूल की बेटी कमला हैरिस राष्ट्रपति चुनाव हार गई हों, लेकिन ट्रंप प्रशासन के कई महत्वपूर्ण पदों पर भारतीय वंशजों की नियुक्ति हर भारतीय को गर्व से भर देती है। हालांकि, अमेरिकी शासन अमेरिका फर्स्ट के समर्थकों को ही तरजीह देता है, लेकिन इस मुकाम को हासिल करने में भारतवंशियों ने कड़ी मेहनत और प्रतिस्पर्धा का मुकाबला करके अपनी जगह बनायी है।

अमेरिका में राष्ट्रपति पद संभालने से पहले डोनाल्ड ट्रंप ने कई महत्वपूर्ण नियुक्तियां की हैं। इनमें हालिया चर्चा अमेरिकी शक्तिशाली खुफिया एजेंसी एफबीआई के डायरेक्टर पद पर भारतीय मूल के काश पटेल की नियुक्ति को लेकर हुई है। हालांकि, इससे पहले भारतीय मूल के विवेक रामास्वामी को भी विख्यात उद्योगपति एलन मस्क के साथ महत्वपूर्ण अमेरिकी नियामक संस्था डिपार्टमेंट ऑफ गवर्नमेंट एफिशिएन्सी की जिम्मेदारी दी गई थी। इसी तरह हिंदू धर्म अपनाने वाली तुलसी गैबार्ड को भी महत्वपूर्ण दायित्व दिया गया है। निस्संदेह, फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन के डायरेक्टर पद पर काश पटेल की नियुक्ति भारतीय मेधा का परमच लहराती है। उनकी नियुक्ति करते हुए डोनाल्ड ट्रंप ने लिखा भी कि काश उम्दा वकील, कुशल जांचकर्ता और अमेरिका फर्स्ट के प्रबल समर्थक हैं। साथ ही माना कि उन्होंने अमेरिकी हितों की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा, न्याय का संरक्षण करते हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ कारगर मुहिम चलायी। वे काश को अमेरिकी फर्स्ट मुहिम का प्रतिनिधि चेहरा भी मानते हैं। दरअसल, ट्रंप अपने पहले कार्यकाल के दौरान उनके योगदान को नहीं भूले। जिसमें उनके पिछले चुनाव के दौरान चुनाव अभियान को प्रभावित करने की रूसी कोशिशों की भी जांच की थी। इतना ही नहीं, काश ने अमेरिका की संप्रभुता को चुनौती देने वाले खूंखार आतंकवादियों के खात्मे में भी अहम भूमिका निभायी थी।

दरअसल, काश पटेल न्यायिक व खुफिया अभियानों में योगदान के साथ ही अपने एक स्वयंसेवी संगठन 'काश फाउंडेशन' के जरिये सामाजिक बदलाव के अभियानों में योगदान देने के लिये भी जाने जाते हैं। वे अमेरिकी बच्चों की पढ़ाई के लिये स्कॉलरशिप के जरिये योगदान देते रहे हैं। साथ ही भ्रष्टाचार के खिलाफ मुहिम चलाने वाले लोगों की भी मदद करते रहे हैं। साथ सैन्यकर्मियों व कानून प्रवतर्न एजेंसियों की भी आर्थिक सहायता



अरुण नैथानी

करते हैं। इतना ही नहीं पिछले चुनाव में ट्रंप की हार के बाद उपजे विवादित कैपिटल हिल प्रकरण के आरोपियों की भी आर्थिक सहायता करते रहे हैं। काश पटेल की मेधा व योगदान के महत्व का पता इस बात से चलता है कि ट्रंप ने राष्ट्रपति पद की शपथ लेने से पहले ही उनकी नियुक्ति की घोषणा कर दी। काश पटेल एक लेखक भी हैं। जीवन यात्रा का उल्लेख उन्होंने अपनी पुस्तक 'गवर्नमेंट गैंगस्टर' में किया। उनकी परवरिश एक मध्यमवर्गीय संस्कारित भारतीय परिवार में हुई। भारत से आए प्रवासी गुजराती परिवार में उनका लालन-पालन क्वींस और लॉन्ग आइलैंड में हुआ। उनके पिता अमेरिकी एविएशन कंपनी में काम करते थे। उन्होंने कालांतर न्यूयॉर्क से कानून की डिग्री हासिल की।

जैसा कि आम भारतीय परिवारों में होता है कि शिक्षा को समृद्ध करना उनकी प्राथमिकता होती है। साथ भारतीय जीवन मूल्यों, संस्कृति व धार्मिक मूल्य को विशेष महत्व दिया जाता है। यही वजह है कि बचपन में भारतीय पर्व-त्योहार, विशिष्टता के विवाह उत्सव और धार्मिक रीतिरिवाज, उनके अवचेतन पर सदैव हावी रहे हैं। काश ने भारतीयता से सदैव खुद को जोड़े रखा। हिंदू होने के नाते वे मंदिर व घर में बनाये गए पूजा स्थल को याद करते हैं। साथ ही घर के शाकाहारी व सात्विक संस्कारों का पालन करते रहे। उन्हें इस बात का मलाल रहा है कि घर में तामसिक भोजन न बनने पर वे जब भी बाहर कुछ खाते तो मां जल्दी ही उनकी चोरी पकड़ लेती थी। उल्लेखनीय है कि अगले वर्ष बीस जनवरी को डोनाल्ड ट्रंप राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे। तब काश पटेल की महत्वपूर्ण भूमिकाओं को विस्तार मिलेगा क्योंकि चवालीस वर्षीय काश की गिनती ट्रंप के विश्वासपात्र लोगों में होती है। अमेरिका में एफबीआई का निदेशक पद खासा महत्व व प्रतिष्ठा वाला पद माना जाता है। दरअसल काश, ट्रंप की पिछली सरकार के दौरान भी रक्षा मंत्री के चीफ ऑफ स्टाफ, राष्ट्रीय सुरक्षा काउंसिल में राष्ट्रपति के उप सहायक, आतंकवाद निरोधक विभाग के वरिष्ठ निदेशक के पद पर रहते कई राष्ट्रीय सुरक्षा अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा चुके हैं। जिसमें अलकायदा से जुड़े कई इनामी आतंकवादियों व आइसिस के मुखिया अल बगदादी के खात्मे जैसे अभियान में शामिल रहे हैं। उनके प्रयासों से कई अमेरिकी बंधकों की सुरक्षित वापसी संभव हो पायी।

इसके अलावा कई खुफिया एजेंसियों के साथ समन्वय बनाने तथा राष्ट्रपति को महत्वपूर्ण सूचनाएं देने का दायित्व भी वे निभा चुके हैं। निश्चित ही ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में पटेल की भूमिका निर्विवाद रूप से महत्वपूर्ण होने वाली है। इतना ही नहीं काश पटेल ने खुफिया मामलों की स्थायी चयन समिति हेतु मुख्य अधिवक्ता के तौर पर भी काम किया। उनकी गिनती सख्त व ईमानदार अधिकारियों के रूप में होती रही है।

यही वजह है कि उनकी सेवाएं अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा व संवेदनशील अभियानों में ली जाती रही हैं। जिसमें उनकी मुहिम से ऐसे कानूनों का निर्माण भी शामिल है, जो दुनिया में अमेरिकी हितों की सुरक्षा के लिये गोपनीय जानकारियां जुटाने तथा आतंकवाद के मुकाबले के लिये पुख्ता तंत्र बनाने में सहायक बने। दरअसल, एक अधिवक्ता के रूप में अपना कैरियर शुरू करने वाले काश ने आर्थिक अपराधों पर नियंत्रण, नशे के चक्रव्यूह को तोड़ने तथा गंभीर अपराधों के निस्तारण में योगदान से अमेरिका में अपनी विशिष्ट छवि बनायी।

## जीवन मंत्र

पाउलो कोएल्हो

# प्रेम ही जोड़ेगा

यह दुनिया गोल है, इसलिए दोस्ती इसे घेर सकती है। हम सब आध्यात्मिक अनुभवों वाले इंसान नहीं हैं, बल्कि हम आध्यात्मिक जीव हैं, जो मानवता का अनुभव रखते हैं।

बुढ़ापा एक सजा है, मगर मानव जीवन की सबसे संतुष्टिदायक बात यह है कि हम अपनी जिंदगी का एक बड़ा हिस्सा दूसरों को दे सके। फिर अच्छे लोगों के साथ बुरी चीजें क्यों होती हैं? यह सवाल खुद को कुछ अलग सवालों में तब्दील कर लेता है कि अब कोई यह नहीं पूछता कि ऐसा क्यों हुआ, बल्कि यह पूछा जाता है कि हमारी प्रतिक्रिया क्या होगी? एक पुरुष या महिला के रूप में हमारा कर्तव्य यही है कि हम इस तरह से आगे बढ़ें, जैसे हमारी क्षमता असीम है और हम सृजन के सहयोगी हैं। हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि सिर्फ प्रेम ही जीवित प्राणियों को एकजुट कर सकता है... क्योंकि अकेला यही उन्हें सबसे गहराई से जोड़ता है। हमें बस यह कल्पना करने की जरूरत है कि प्रेम करने की हमारी क्षमता तब तक विकसित होती रहे, जब तककि वह मनुष्यों और पृथ्वी की समग्रता को गले नहीं लगा लेती। प्रेम



वह आत्मीयता है, जो संसार के सभी तत्वों को जोड़ती है और एक साथ खींचती है। प्रेम, वास्तव में, सार्वभौमिक एकजुटता का एजेंट है। किसी दिन हवाओं, लहरों, ज्वार और गुरुत्वाकर्षण पर महारत हासिल करने के बाद जब हम भगवान के लिए प्रेम की ऊर्जा का उपयोग करेंगे, तब दुनिया के इतिहास में दूसरी बार मनुष्य आग की खोज करेगा। यह दुनिया गोल है, इसलिए दोस्ती इसे घेर सकती है। हम सब आध्यात्मिक अनुभवों वाले इंसान नहीं हैं, बल्कि हम आध्यात्मिक जीव हैं, जो मानवता का अनुभव रखते हैं। आखिरकार, आप और मैं, हम सब एक हैं। हम एक साथ पीड़ित हैं, एक साथ अस्तित्व में हैं और हमेशा एक-दूसरे को रचेंगे-गढ़ेंगे!

## जीवन ऊर्जा

डिल्मा रूसेफ : जन्म 14 दिसंबर 1947

जन्म

डिल्मा रूसेफ ब्राज़ील की पहली महिला राष्ट्रपति थीं। उनका जन्म 14 दिसंबर 1947 को हुआ। उन्होंने 2011 से 2016 तक ब्राज़ील का नेतृत्व किया। सामाजिक समानता और गरीबी उन्मूलन के लिए उनके प्रयास सराहनीय हैं। उनका जीवन संघर्ष, साहस और प्रेरणा का प्रतीक है।

# सही के लिए बोलने से मत डरें

समानता के लिए संघर्ष सभी की गरिमा के लिए संघर्ष है। साहस सभी महान उपलब्धियों की नींव है। सपने मेहनत और धैर्य से हकीकत बनते हैं। हर चुनौती एक बेहतर भविष्य बनाने का मौका है। सच्ची ताकत कठिन समय में हमारे भीतर से आती है। प्रगति तभी होती है जब हम बदलाव में विश्वास करते हैं। परिवर्तन के लिए सबसे ताकतवर शक्ति आशा है। सच्चा नेतृत्व दूसरों की सेवा करना है, खुद की नहीं। हर असफलता एक सबक है और हर हार एक सीढ़ी। भविष्य उन्हीं का है जो इसे नेतृत्व करने से नहीं डरते। महानता पाने के लिए सबसे पहले खुद पर विश्वास करना चाहिए। दूसरों को सशक्त बनाना स्थायी सफलता की



कुंजी है। न्याय और समानता तोहफा नहीं बल्कि संघर्ष से अर्जित अधिकार हैं। एकता में शक्ति है और एकता प्रगति लाती है। कोई बाधा अपराजेय नहीं जब हम साथ खड़े होते हैं। नेता पैदा नहीं होते, वे मेहनत और दृढ़ संकल्प से बनते हैं। आपकी आवाज़ मायने रखती है। सही के लिए बोलने से मत डरें। सफलता धन से नहीं, बल्कि हमारे सकारात्मक प्रभाव से मापी जाती है। दुनिया को बदलने की ताकत हमारे सामूहिक प्रयास में है। धैर्य ही जीवन की सबसे कठिन लड़ाइयों को जीतने की कुंजी है। शिक्षा व्यक्तिगत और सामाजिक विकास का सबसे शक्तिशाली साधन है। असफलता तभी होती है जब हम कोशिश करना छोड़ देते हैं।कठिनाइयाँ हमें परखती हैं, लेकिन हमें मजबूत भी बनाती हैं। सबसे बड़ी जीत गिरने में नहीं, बल्कि हर बार उठने में है। अपने सपनों की शक्ति में विश्वास करें और उन्हें पाने के लिए मेहनत करें।

## शख्सियत विजय अमृतराज

# टेनिस का भारतीय सितारा



विजय अमृतराज भारत के सबसे प्रसिद्ध टेनिस खिलाड़ियों में से एक हैं। उनका जन्म 14 दिसंबर 1953 को चेन्नई में हुआ। बचपन से ही विजय को खेलों में रुचि थी, लेकिन टेनिस में उनका सफर खास बन गया। विजय ने न केवल राष्ट्रीय स्तर पर बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत का नाम रोशन किया।

विजय अमृतराज ने 1970 और 1980 के दशक में टेनिस की दुनिया में अपना दबदबा बनाया। उन्होंने कई प्रतिष्ठित टूर्नामेंट्स में हिस्सा लिया और शानदार प्रदर्शन किया। विजय तीन बार ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल तक पहुंचे। उनका खेल में अनुशासन और मेहनत काबिले तारीफ है।

विजय अमृतराज की सबसे बड़ी उपलब्धियों में डेविस कप में भारत का प्रतिनिधित्व करना शामिल है। उन्होंने अपने करियर में 18 सिंगल्स और 14 डबल्स खिताब जीते। उनका खेल केवल जीतने तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने खेल भावना का उदाहरण भी प्रस्तुत किया। खेल के अलावा विजय का फिल्मी दुनिया से भी जुड़ाव रहा। उन्होंने हॉलीवुड की कुछ फिल्मों में अभिनय किया। विजय की प्रतिभा केवल खेल तक सीमित नहीं थी; वे एक बेहतरीन कमेंटेटर और मोटिवेशनल स्पीकर भी हैं।

विजय अमृतराज को उनके योगदान के लिए कई सम्मान मिले। 1983 में उन्हें भारत सरकार ने पद्म श्री से नवाजा। उनका जीवन नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। आज भी विजय अमृतराज खेल और समाज के लिए सक्रिय हैं। वे 'विजय अमृतराज फाउंडेशन' के जरिए जरूरतमंदों की मदद करते हैं।

उनके जीवन की कहानी हमें सिखाती है कि मेहनत और लगन से कुछ भी संभव है।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# हिन्दू समाज में गोत्र का महत्व

हिन्दू समाज में गोत्र शब्द का अर्थ कुल होता है। एक आम आदमी समाज द्वारा बनाई गई नीतियों और नियमों का पालन करके ही इस समाज में अपना और अपने परिवार का सम्मान बनाए रख सकता है। गोत्र / गोत्र क्या है भी प्राचीन मानव समाजों द्वारा बनाए गए रीति-रिवाजों का हिस्सा है जो यह निर्धारित करते हैं कि कोई व्यक्ति किस पूर्वज की संतान है। एक वंश के सभी वंशज मूल रूप से एक ही पूर्वज से संबंधित होते हैं। गोत्र का महत्व इतना अधिक है कि प्रत्येक पूजा या ऐसे धार्मिक अनुष्ठान में जहां संकल्प किया जाता है, पूजा करने वाले पंडित को यजमान का गोत्र अवश्य पूछना चाहिए। पुराने जमाने के लोग अक्सर उनके गोत्र को जानते थे। आज के लोगों से उनका गोत्र पूछो तो वे आसमान की ओर ताकने लगते हैं। गूगल-युग की यह पीढ़ी या तो धार्मिक कार्यों के प्रति उदासीन हो गई है या इसमें बिल्कुल भी दिलचस्पी नहीं है। गोत्र का इतिहास बहुत पुराना है। आमतौर पर यह माना जाता है कि गोत्र का संबंध ऋषि-मुनियों से है। इसमें कहा गया है कि जिन



ऋषि के पूर्वज शिष्य थे, उनके नाम से कुल का गोत्र सदियों तक चला। जिनका गोत्र ज्ञात नहीं है उनके लिए ज्योतिषी कश्यप गोत्र बनाकर जाते हैं।

गोत्र क्या है? तथा भारतीय सनातन आर्य परम्परा में इसका क्या सम्बन्ध है?

भारतीय परम्परा के अनुसार विश्वामित्र, जमदचग्नि, भरद्वाज, गौतम, अत्रि, वशिष्ठ और कश्यप की सन्ताने गोत्र कही गई है-

गौतम, भरद्वाज, अत्रि,विश्वामित्रो जमदग्निर्भरद्वाजोऽथ गोतमः । अत्रिर्वसिष्ठः कश्यप इत्येते गोत्रकारकाः ॥ इस दृष्टि से कहा जा सकता है कि किसी परिवार का जो आदि प्रवर्तक था, जिस महापुरुष से परिवार चला उसका नाम परिवार का गोत्र बन गया और उस परिवार के जो स्त्री-पुरुष थे वे आपस में भाई-बहिन माने गये, क्योंकि भाई बहिन की शादी अनुचित प्रतीत होती है, इसलिए एक गोत्र के लड़के-लड़कियों का परस्पर विवाह वर्जित माना गया।

ब्राह्मण क्षत्रिय वैश्य शूद्र आदि वर्ण कुलस्थ के लोगों के लिए गोत्र व्योरा रखना इसलिए भी आवश्यक है क्योंकि गोत्र ज्ञान होने से उसके अध्ययन की परम्परा में उसकी शाखा-प्रशाखा का ज्ञान होने से तत सम्बन्धी वेद का पठन पाठन पहले करवाया जाता है पश्चात अन्य शाखाओं का! किन्तु आज हिंदुओं में गोत्र को स्मरण रखने की परंपरा का त्याग करने से गोत्र संकरता बढ़ रही है। और सगोत्र विवाह आदि होना आरम्भ हो गया है।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

## सक्सेस मंत्र

# सिर्फ उन्हीं बातों को सुनें जो आपको मजबूत बनाएं

एक बार खड़ी चढ़ाई वाले पहाड़ पर पर्वतारोहण की प्रतियोगिता हुई। इसमें इसमें बहुत से पर्वतारोहियों और नौजवानों ने हिस्सा लिया। बहुत से लोग इस प्रतियोगिता को देखने के लिए भी पहुंचे थे। लेकिन प्रतियोगिता शुरू होने से पहले जितने भी दर्शक थे यही बातें कर रहे थे इस पहाड़ पर चढ़ना बहुत मुश्किल है। कोई चढ़ने की कोशिश करेगा भी तो बीच रास्ते से ही टपक जाएगा। लोग कह रहे थे कि यह पहाड़ इतना ज्यादा सीधा है कि इसकी चोटी तक चढ़ पाना किसी के लिए भी असंभव है।

इससे क्या हुआ कि लगातार निराशाजनक बातें सुनकर कई प्रतियोगी निराश हो गए और पहाड़ पर चढ़ाई करने का इरादा बदल लिया। कुछ ले चढ़ने की कोशिश भी की तो सफल नहीं क्योंकि आस पास के लोगों से उन्होंने जो बातें सुनी थी उससे वे काफी डर चुके थे। सभी के प्रतियोगिता छोड़ने के बीच एक ऐसा भी प्रतियोगी था जो अभी भी लगा हुआ था। वह हर बार नीचे गिरता और ऊपर चढ़ता। उसने कई बार ऐसा किया और आखिरकार वह ऊपर चढ़ने में कामयाब हो ही गया। इसके बाद लोगों ने उससे पूछा कि सब वापस आ गए थे तो भी आपने हार क्यों नहीं मानी। जीते हुए प्रतियोगी ने इस पर जवाब दिया कि वह केवल उन्हीं बातों को सुनता है, जिससे वह मजबूत बने। वह उन बातों को नहीं सुनता जो उसे कमजोर बनाती हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

# झींगे का दिल उनके सिर में होता है



क्या आप जानते हैं कि झींगे का दिल उनके सिर में होता है? हां, आपने बिल्कुल सही सुना! अगर आप किसी झींगे से मिलने जाएं, तो न सिर्फ उनकी आंखों और एंटीना को ध्यान से देखिए, बल्कि उनके सिर पर भी एक नजर डालिए। क्या पता, आपको उनका दिल मिल जाए! अब आप सोच रहे होंगे, दिल सिर में? ये कैसे हो सकता है? तो बच्चों, ये वही मजेदार और अजीब सी बातें हैं, जो हमें प्रकृति में मिलती हैं। झींगे के दिल की जगह से लेकर उनका नीला खून और सुपरहीरो जैसी आंखे – इनकी दुनिया बहुत अलग है। तो अब जब आप समुद्र के किनारे झींगे देखें, तो बस चुपचाप मुस्कराइए और सोचिए, ₹वाह! इस छोटे से झींगे में कितनी बड़ी सुपरपावर छिपी है! तैयार हो जाइए झींगे की दुनिया में एक मजेदार सफर पर जाने के लिए, जहां हर कदम पर हंसी और हैरानी का अनुभव मिलेगा! तो चलिए, हम आपको झींगे के बारे में और मजेदार और अजीब तथ्यों से भरपूर जानकारी देने वाले हैं!

## झींगे के दिल का रहस्यमय स्थान

हम सब जानते हैं कि इंसान का दिल सीने में होता है, लेकिन झींगे का दिल उनके सिर में होता है! तो अब आपको ये समझ में आ गया न कि झींगे का दिल कहीं और नहीं बल्कि उनके सिर में होता है। अगर आपको कभी किसी झींगे को देखना हो, तो उनकी आंखों और एंटीना की बजाय उनके सिर पर नज़र डालें! आपको वहां एक छोटा सा दिल मिल सकता है, जो झींगे के पूरे शरीर में खून (अरे, नीला खून!) दौड़ाता है।

## झींगे का खून तो नीला होता है!

आपने कभी सोचा है कि झींगे का खून लाल नहीं, नीला क्यों होता है? क्या ये सुपरहीरो की तरह लगता है? दरअसल, झींगे के खून में एक खास प्रोटीन होता है, जिसका नाम है हैमोकाइन। यह प्रोटीन झींगे को ज्यादा ऑक्सीजन लेने में मदद करता है, और यही वजह है कि उनका खून नीला दिखता है। अगर कभी झींगे के खून को देखो, तो लगेगा जैसे किसी एलियंस का खून देख रहे हों!

## झींगे के सिर में और क्या क्या होता है?

अरे, सिर में सिर्फ दिल ही नहीं, और भी बहुत कुछ है! झींगे के सिर में दो एंटीना होते हैं, जो उनके लिए जादू की छड़ी की तरह काम करते हैं। ये एंटीना झींगे को सूंघने, दिशा पहचानने और खाना खोजने में मदद करते हैं। और तो और, झींगे की आंखे भी बहुत खास होती हैं। झींगे की आँखें 360 डिग्री घूम सकती हैं, यानी झींगे को चारों ओर देखना बहुत आसान है। यह तो बिल्कुल ही सुपरपावर जैसा लग रहा है, है न?

## झींगे का शरीर है एकदम मजेदार

अब सोचिए, अगर किसी का शरीर एकदम अलग तरीके से बना हो तो क्या होगा? झींगे के शरीर के बहुत से छोटे-छोटे हिस्से होते हैं, जिन्हें सेगमेंट कहते हैं। ये सेगमेंट झींगे को इतना लचीला बना देते हैं कि वह समुद्र में बहुत आसानी से तैर सकते हैं। झींगे अपनी पूंछ को मोड़कर तेजी से पीछे की ओर कूद सकते हैं, जैसे स्पीडबोट की तरह! जब वे खतरे में होते हैं, तो वे ऐसे कूदकर दुश्मनों से बच सकते हैं।



## झींगे के बारे में कुछ और मजेदार बातें

### 1. झींगे को खुद को बदलने का शौक है:

झींगे अपनी त्वचा को हर कुछ समय में बदलते रहते हैं। इसे मोल्टिंग कहते हैं। जैसे हम कपड़े बदलते हैं, वैसे झींगे अपनी पुरानी त्वचा को उतारकर नई त्वचा अपनाते हैं। अब सोचिए, अगर हम इंसान भी ऐसा करते, तो दिन में कई बार नये कपड़े पहनने पड़ते!

### 2. झींगे का जीवन छोटा सा होता है:

झींगे की उम्र करीब 1 से 2 साल तक होती है। इनका जीवन बहुत जल्दी बीत जाता है, लेकिन इस दौरान वे बहुत तेजी से बढ़ते हैं और अपनी पुरानी त्वचा को छोड़कर नई त्वचा अपनाते रहते हैं। एक तरह से यह उनका फैशन स्टाइल है!

### 3. झींगे खाते हैं छोटे-छोटे जानवर:

झींगे प्लैंकटन और छोटे मछलियों के अंडे खाते हैं। जैसे हम पिज़्ज़ा खाते हैं, वैसे झींगे अपने स्वादिष्ट छोटे-छोटे खाने की खोज में रहते हैं। वे अपनी एंटीना की मदद से अपने खाने का पता लगाते हैं।

### 4. झींगे का रिटायरमेंट प्लान है समुद्र में 'पार्टी' करना:

झींगे समुद्र में अपनी 'पार्टी' करते हैं। वे समुद्र की रेत में या पत्थरों के नीचे अपना घर बनाते हैं और फिर एक साथ निकलकर समुद्र के किनारे रैली करते हैं। यह देखना बहुत ही मजेदार होता है!

### 5. झींगे हमेशा झुंड में रहते हैं:

झींगे कभी अकेले नहीं रहते। वे हमेशा एक दूसरे के साथ रहते हैं, ताकि खतरे से बच सकें। वे हमेशा एक समूह में होते हैं जैसे स्कूल में बच्चे एक साथ रहते हैं!

### झींगे को पालतू बनाना?

क्या आप झींगे को घर में पालना चाहते हैं? यह थोड़ा मुश्किल हो सकता है क्योंकि झींगे समुद्र में रहते हैं और उनके लिए साफ पानी और खास टैंक की जरूरत होती है। लेकिन अगर आप चाहें तो घर पर एक छोटा सा टैंक बना सकते हैं और उसमें झींगे पाल सकते हैं। बस ध्यान रखें, उनका खाना और पानी हमेशा सही हो!

तो बच्चों, अब आप जानते हैं कि झींगे के दिल का क्या राज़ है और उनका खून नीला क्यों होता है! झींगे के बारे में यह सारी मजेदार बातें हमें यह सिखाती हैं कि प्रकृति कितनी अद्भुत और अजीब है। अगली बार जब आप समुद्र में झींगे देखें, तो आप उनकी सुपरहीरो जैसी विशेषताओं के बारे में जरूर सोचेंगे और हंसते-हंसते उनके बारे में और भी मजेदार बातें बना सकेंगे!

कविता

## बच्चे काम पर जा रहे हैं



राजेश जोशी

कुहरे से ढँकी सड़क पर बच्चे काम
पर जा रहे हैं
सुबह-सुबह
बच्चे काम पर जा रहे हैं
हमारे समय की सबसे भयानक पंक्ति
है यह
भयानक है इसे विवरण की तरह
लिखा जाना
लिखा जाना चाहिए इसे सवाल की
तरह
काम पर क्यों जा रहे हैं बच्चे?
क्या अंतरिक्ष में गिर गई हैं सारी गेंदें
क्या दीमकों ने खा लिया है
सारी रंग-बिरंगी किताबों को
क्या काले पहाड़ के नीचे दब गए हैं
सारे खिलौने
क्या किसी भूकंप में ढह गई हैं
सारे मदरसों की इमारतें
क्या सारे मैदान, सारे बग़ीचे और घरों
के आँगन
ख़त्म हो गए हैं एकाएक
तो फिर बचा ही क्या है इस दुनिया में?
कितना भयानक होता अगर ऐसा होता
भयानक है लेकिन इससे भी ज़्यादा
यह
कि हैं सारी चीज़ें हस्बमामूल
पर दुनिया की हज़ारों सड़कों से
गुज़रते हुए
बच्चे, बहुत छोटे छोटे बच्चे
काम पर जा रहे हैं।

# ज्ञान और साहस की कहानी




बहुत समय पहले की बात है, भारत में एक महान और न्यायप्रिय राजा विक्रमादित्य का शासन था। राजा विक्रम का नाम हर जगह उनकी वीरता, न्यायप्रियता और बुद्धिमानी के लिए जाना जाता था। एक दिन एक तांत्रिक राजा विक्रम के पास आया और उसने राजा से एक बहुत कठिन कार्य करने की चुनौती दी। तांत्रिक ने कहा, ₹राजा विक्रम, तुम्हें यह कार्य करना होगा, और यदि तुम इसे सफलतापूर्वक पूरा करते हो, तो तुम्हें अपार ज्ञान और शक्ति प्राप्त होगी।₹ राजा विक्रम ने बिना किसी संकोच के कार्य को स्वीकार कर लिया। तांत्रिक ने राजा विक्रम से कहा, ₹तुम्हें एक बेताल को पकड़कर मुझे लाना होगा।₹ बेताल एक प्रेतात्मा थी जो रात के समय पीपल के पेड़ पर उल्टा लटकती थी। यह प्रेतात्मा अत्यधिक शक्तिशाली और चतुर थी। कोई भी व्यक्ति या जीव जो उसके पास जाता, वह हमेशा उससे बचने की कोशिश करता था। लेकिन राजा विक्रम को डर नहीं था। उन्होंने तांत्रिक की बात मानी और बेताल को पकड़ने के लिए निकले।

राजा विक्रम अपनी तलवार लेकर बेताल को पकड़ने के लिए चल पड़े। उन्होंने उस स्थान तक पहुँचने के लिए लंबी यात्रा की, जहाँ बेताल लटका हुआ था। वहाँ एक पुराना पीपल का पेड़ था और उसकी एक शाखा से बेताल उल्टा लटक रहा था। राजा विक्रम ने बेताल को कंधे पर लाद लिया। जैसे ही उन्होंने उसे उठाया, बेताल बोला, ₹राजा विक्रम, मैं तुम्हें एक कहानी सुनाऊँगा। और यदि तुम मेरी बात का जवाब दोगे, तो मैं उड़कर वापस इस पेड़ पर लौट जाऊँगा।₹ राजा विक्रम ने बेताल की शर्त मानी और वह कहानी सुनने के लिए तैयार हो गए।

**बेताल की पहली कहानी:** बेताल ने अपनी पहली कहानी शुरू की, जो एक राजकुमार के बारे में थी। उस राजकुमार ने देखा कि एक गरीब आदमी दुखी है, तो उसने अपना सब कुछ उसे दे दिया। बेताल ने राजा विक्रम से पूछा, क्या उस राजकुमार का निर्णय सही था? राजा विक्रम ने उत्तर दिया, हाँ, उस राजकुमार का निर्णय सही था क्योंकि किसी की मदद करना और अपना सुख दूसरों के लिए त्यागना सबसे बड़ा पुण्य है। जैसे ही राजा विक्रम ने उत्तर दिया, बेताल उड़कर फिर से पेड़ पर लौट गया।

**बेताल की दूसरी कहानी:** फिर बेताल ने एक और कहानी सुनाई। यह कहानी एक दानी व्यक्ति की थी, जो अपनी संपत्ति को छुपा कर रखता था, जबकि गरीब लोग उसकी मदद के लिए तरसते थे। बेताल ने पूछा, क्या वह व्यक्ति सही था? राजा विक्रम ने उत्तर दिया, नहीं, वह गलत था। अपनी संपत्ति को दूसरों से बांटना चाहिए, ताकि उसका सही उपयोग हो सके। जैसे ही राजा विक्रम ने उत्तर दिया, बेताल फिर से उड़कर पेड़ पर लौट गया।

**राजा विक्रम की परीक्षा:** यह सिलसिला कई बार चलता रहा। बेताल ने हर बार एक नई कहानी सुनाई और राजा विक्रम से सवाल किया। राजा विक्रम ने हर बार सही उत्तर दिया। वह कभी भी चुप नहीं रहे और हमेशा सही निर्णय लिया। बेताल ने देखा कि राजा विक्रम का ज्ञान और बुद्धिमानी बहुत गहरी है। वह उन्हें चुनौती देकर भी खुद हार जाता था।

**अंतिम कहानी और विजय:** आखिरकार, बेताल ने अपनी आखिरी कहानी सुनाई। इस बार उसने राजा विक्रम से पूछा, राजा विक्रम, इस कहानी में कौन सही था? राजा विक्रम ने पूरी सोच और ध्यान से उत्तर दिया, और इस बार बेताल ने राजा विक्रम के ज्ञान और साहस को स्वीकार किया। बेताल ने राजा विक्रम को उसकी सच्ची परीक्षा में विजयी माना और तांत्रिक के पास ले जाकर उसे सौंप दिया। तांत्रिक ने राजा विक्रम को विशेष ज्ञान और शक्तियाँ दीं। राजा विक्रम ने अपनी बुद्धिमानी और साहस से न केवल बेताल को हराया, बल्कि यह सिद्ध भी किया कि सत्य, ज्ञान और न्याय से कोई भी कार्य असंभव नहीं होता।

**निष्कर्ष:** विक्रम-बेताल की यह कहानी हमें यह सिखाती है कि किसी भी कठिन परिस्थिति का सामना करते समय हमें अपनी बुद्धिमानी और धैर्य का सही उपयोग करना चाहिए। राजा विक्रम का साहस और सही निर्णय उन्हें हर बार बेताल पर विजय दिलाते हैं। यह कहानी हमें यह भी बताती है कि अगर हम हमेशा सही मार्ग पर चलें, तो किसी भी मुश्किल का सामना किया जा सकता है।

# बिल्ली का निर्णय



पंचतंत्र की कहानी

बहुत समय पहले की बात है, एक छोटे से गांव में एक बगीचे में तीन बिल्लियां रहती थीं। वे आपस में बहुत अच्छे दोस्त थे और एक साथ खेलती रहती थीं। एक दिन, बगीचे में एक बड़ा रोटी का टुकड़ा गिरा। सभी बिल्लियां उस रोटी को देख कर दौड़ीं और उसे खाने के लिए आपस में झगड़ने लगीं।

पहली बिल्ली बोली, यह रोटी मेरी है, क्योंकि मैंने सबसे पहले इसे देखा। दूसरी बिल्ली ने कहा, ₹नहीं, यह रोटी मेरी है, क्योंकि मैं रोटी के पास सबसे पहले पहुँची थी। तीसरी बिल्ली बोली, तुम दोनों झूठ बोल रहे हो, रोटी तो मेरी है, क्योंकि मैंने इसे सबसे पहले सूंघा था।

अब बिल्लियां आपस में बहुत लड़ने लगीं, और इस झगड़े ने बहुत बुरा रूप ले लिया। तभी एक गीधा आया। वह देख कर समझ गया कि बिल्लियां आपस में लड़ रही हैं। उसने कहा, तुम तीनों के बीच झगड़ा हो रहा है, तो मैं इसका समाधान करता हूं। गीधे ने रोटी को लिया और कहा, मैं इसे बराबर हिस्सों में बांट दूं, ताकि तुम सभी खुश रहो।

फिर गीधे ने रोटी को दो हिस्सों में बांट दिया, लेकिन दोनों हिस्से बराबर नहीं थे। गीधा अब एक हिस्सा थोड़ा और काटने लगा, ताकि दोनों हिस्से बराबर हो जाएं। इस वजह से रोटी का एक हिस्सा और छोटा हो गया। बिल्लियां देखते हुए दुखी हो गईं, क्योंकि गीधा अपनी चालाकी से रोटी का बड़ा हिस्सा खा चुका था और अब बिल्लियां सिर्फ छोटे-छोटे हिस्से ही खाने के लिए बची थीं। इस कहानी से हमें यह सिखने को मिलता है कि जब हम आपस में झगड़ते हैं, तो हमारी परेशानी और बढ़ सकती है। बेहतर है कि हम समझदारी से काम लें और मिलजुल कर काम करें।

## राशिफल

प्रियंका जैन

**मेष:** किसी प्रभावशाली व्यक्ति से सहयोग प्राप्त होगा। पूजा-पाठ में मन लगेगा। तीर्थदर्शन हो सकते हैं। विवेक का प्रयोग करें, लाभ होगा। मित्रों के साथ अच्छा समय बीतेगा। विरोध होगा। पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी।

**वृष:** स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। कार्य करते समय लापरवाही न करें। बनते कामों में बाधा हो सकती है। विवाद से बचें। काम में मन नहीं लगेगा। किसी व्यक्ति के उकसाने में न आएं।

**मिथुन:** घर-परिवार की चिंता रहेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। घर-परिवार में प्रसन्नता रहेगी। बाहर जाने का मन बनेगा। भाइयों से मतभेद दूर होंगे।

**कर्क:** लेन-देन में जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से क्रोध रहेगा। भूमि व भवन संबंधी बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल रहेगा।

**सिंह:** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी प्रबुद्ध व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। मनपसंद भोजन की प्राप्ति संभव है। पारिवारिक सदस्यों तथा मित्रों के साथ आनंदायक समय व्यतीत होगा।

**कन्या:** बुरी सूचना मिल सकती है। मेहनत अधिक होगी। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। आय में कमी रहेगी। नकारात्मकता बढ़ेगी। विवाद से क्लेश होगा। जल्दबाजी में कोई महत्वपूर्ण निर्णय न लें। अनावश्यक परेशानी खड़ी हो सकती है।

**तुला:** सामाजिक कार्यों में मन लगेगा। दूसरों की सहायता कर पाएंगे। मान-सम्मान मिलेगा। रुके कार्यों में गति आएगी। पारिवारिक सहयोग मिलेगा। व्यापार ठीक चलेगा। मनोरंजक यात्रा हो सकती है। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा।

**वृश्चिक:** उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। कोई नया बड़ा काम करने की योजना बनेगी। भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा।

**धनु:** यात्रा मनोरंजक रहेगी। भेंट व उपहार की प्राप्ति संभव है। किसी बड़ी समस्या का हल मिलेगा। व्यावसायिक साझेदार पूर्ण सहयोग करेंगे। कोई नया उपक्रम प्रारंभ करने का मन बनेगा। सेहत का ध्यान रखें। वरिष्ठजनों की सलाह काम आएगी।

**मकर:** अनावश्यक जोखिम न लें। किसी भी व्यक्ति के उकसावे में न आएं। फालतू खर्च होगा। पुराना रोग उभर सकता है। सेहत को प्राथमिकता दें। लेन-देन में जल्दबाजी से हानि होगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। महत्वपूर्ण निर्णय लेने का समय नहीं है।

**कुंभ:** मनोरंजक यात्रा की योजना बनेगी। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। प्रसन्नता रहेगी। मित्रों के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य बिगड़ सकता है, ध्यान रखें।

**मीन:** घर-परिवार के साथ आराम तथा मनोरंजन के साथ समय व्यतीत होगा। मान-सम्मान मिलेगा। व्यापार मनोनुकूल चलेगा। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन संभव है। विरोध होगा। काम करते समय लापरवाही न करें।

# कुंडली में व्यापार या नौकरी को दशम भाव से देखा जाता है।






प्रियंका जैन
9769994439

1. यदि लग्न सप्तम, दशम भाव का कार्येश हो तब जातक को कारोबार के द्वारा धनार्जन होगा और यदि षष्ठ और दशम का कार्येश हो तो नौकरी से धन अर्जित करेगा।

2. तृतीय भाव का कार्येश हो तो लेखन, छपाई, एजेंसी, कमीशन एजेंट, रिपोर्टर, सेल्समैन और संस्थाओं से धन प्राप्त होगा। मतलब यह कि वह इस क्षेत्र में अपना करियर बनाएगा।

3. अगर द्वितीय और पंचम का कार्येश हो तो जमीन, घर, बगीचे, वाहन और शिक्षा संस्थानों से धन प्राप्त करेगा। इसके अतिरिक्त नाटक, सिनेमा, ढोल, रेस, जुआ, मंत्र, तंत्र और पौरोहित्य कर्म से धन अर्जित करेगा।

4. यदि द्वितीय और सप्तम का कार्येश हो तो विवाह, विवाह मंडल, पार्टनरशिप और कानूनी सलाहकार के कार्य से धन अर्जित करेगा।

5. यदि दशम भाव में एक से अधिक ग्रह हों और उसमें से जो ग्रह सबसे अधिक बलवान होगा, जातक उसके अनुसार ही व्यापार करेगा। जैसे दशम भाव में मंगल बलवान हो तो जातक प्रॉपर्टी, निवेश आदि का व्यवसाय करेगा अथवा पुलिस या सेना में जाएगा।

6. यदि दशम भाव में कोई ग्रह न हो तो दशमेश यानी दशम भाव के स्वामी के अनुसार व्यापार तय होगा। यदि दशम भाव में शुक्र हो तो व्यक्ति कॉस्मेटिक्स, सौंदर्य प्रसाधन, ज्वेलरी आदि के कार्यों से लाभ अर्जित करता है। दशम भाव का स्वामी जिन ग्रहों के साथ होता है, उनके अनुसार व्यक्ति व्यापार करता है।

7. सूर्य के साथ गुरु हो तो व्यक्ति होटल व्यवसाय, अनाज आदि के कार्य से लाभ कमाता है। एकादश भाव आय स्थान है। इस भाव में मौजूद ग्रहों की स्थिति के अनुसार व्यापार तय किया जाता है।

8. जन्म कुंडली में कोई ग्रह जब लग्नेश, पंचमेश या नवमेश होकर दशम भाव में स्थित हो या दशमेश होकर किसी भी त्रिकोण (1, 5, 9 भावों) में या अपने ही स्थान में स्थित हों तो व्यक्ति की आजीविका के पर्याप्त साधन होते हैं। वह व्यवसाय या नौकरी में अच्छी प्रगति करता है। दशमेश या दशम भावस्थ ग्रह का बल और शुभता दोनों उसके शुभ फलों में द्विगुणित वृद्धि करते हैं।


क्रमशः

## खबर संक्षेप

### हाथरस बिटिया प्रकरण

### परिजन चार साल से घर में रहकर काट रहे जेल जैसी सजा

**हाथरस।** बिटिया के पिता ने गत दो जुलाई को राहुल गांधी को तीन पेज का पत्र लिखा था। इसमें उन्होंने कहा था कि वह और उनका परिवार चार साल से घर में रहकर जेल जैसी सजा काट रहे हैं। सरकार ने परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने और घर देने का वादा किया था, लेकिन यह पूरा नहीं किया। माना जा रहा है कि इसी पत्र के मिलने के बाद राहुल गांधी बृहस्पतिवार को हाथरस में बिटिया के घर पहुंचे।

इस पत्र को कांग्रेस ने अपने एक्स एकाउंट पर भी पोस्ट किया था। इसकी शुरुआत राहुल गांधी को प्रणाम करते हुए पत्र को गहराई से पढ़ने के आग्रह के साथ की गई। इसके बाद 14 सितंबर 2020 को हुई घटना का जिक्र करते हुए कहा कि यह बहुत ही भयानक थी। मेरी बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म हुआ और उसकी रीढ़ की हड्डी तोड़ दी गई, जीभ काट दी गई। 29 सितंबर को उसकी मौत हो गई थी। शासन-प्रशासन ने मेरे परिवार की अनुमति के बिना उसके शव को रात के अंधेरे में 2.30 बजे केरोसिन डालकर जला दिया था। आज तक मुझे व मेरे परिवार को यह तक नहीं पता कि बॉडी किसकी जला दी गई थी।

### दामाद ने पत्नी को गोली से उड़ाया

**बक्सर।** हर दामाद की चाहत होती है कि ससुराल में उसकी जमकर खातिरदारी की जाए। कई बार सही तरीके से खातिरदारी न होने पर दामाद नाराज भी हो जाते हैं। बक्सर से भी कुछ ऐसा ही मामला सामने आया है। लेकिन, यहां नाराज दामाद ने अपनी पत्नी को ही गोली से उड़ा दिया। जख्मी पत्नी को गंभीर स्थिति में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। पूरी घटना जिले के धनसोइ थाना क्षेत्र के बन्नी गांव की बतायी जा रही है।

परिजनों के अनुसार, धनसोइ थाना क्षेत्र के बन्नी गांव निवासी गुफरान अंसारी की पत्नी की विदाई कराने के लिए ससुराल गया था। लेकिन, उसे ससुराल में मन मुताबिक खातिरदारी नहीं मिली। इससे वह नाराज हो गया। सुसराल में उसने किसी तरह अपने गुस्से पर कंट्रोल किया। लेकिन, घर पहुंचते ही पत्नी पर सारा गुस्सा उतार दिया। दोनों में विवाद शुरू हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्से में आकर मीर गुरफान ने अपनी पत्नी चंदा बेगम को गोली मार दी। गोली महिला के पेट में लगी है। गोली लगने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जख्मी चंदा बेगम को परिजनों ने आनन-फानन में सदर अस्पताल पहुंचाया।

# महाकुंभ एकता का ऐसा महायज्ञ होगा जिसकी चर्चा पूरी दुनिया में होगी: पीएम

एजेंसी । प्रयागराज

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को प्रयागराज पहुंचे। इस दौरान उन्होंने महाकुंभ मेला 2025 के लिए विकास कार्यों का निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री ने करीब 7000 करोड़ रुपये की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शुभारंभ भी इस दौरान किया। प्रधानमंत्री ने संगम नोज पर पूजा अर्चना की। अक्षय वट और लेटे हनुमान मंदिर के दर्शन भी पीएम मोदी ने किए। इसके साथ ही पीएम ने कुंभ 'सहायक' चैटबॉट का शुभारंभ भी किया।



“ मैं महाकुंभ को सफल बनाने के लिए दिन-रात काम कर रहे श्रमिकों और सफाई कर्मचारियों को बधाई देता हूं। प्रयागराज की इस धरती पर एक नया इतिहास रचा जा रहा है। अगले साल महाकुंभ का आयोजन देश की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक पहचान को नई ऊंचाई पर स्थापित करेगा। यदि मुझे एक वाक्य में इस महाकुंभ का वर्णन करना हो तो मैं कहूंगा कि यह एकता का ऐसा महायज्ञ होगा जिसकी चर्चा पूरी दुनिया में होगी। मैं आप सभी को इस आयोजन की भव्य और दिव्य सफलता की शुभकामनाएं देता हूं। **-नरेंद्र मोदी**, प्रधानमंत्री

### पेयजल और बिजली से संबंधित परियोजनाओं का किया गया शुभारंभ

स्वच्छ और निर्मल गंगा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधानमंत्री मोदी ने गंगा नदी की ओर जाने वाले छोटे नालों को रोकने, टैप करने, मोड़ने और उपचारित करने की परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इससे नदी में बिना उपचार वाले जल का गंगा नदी में पहुंचना पूरी तरह से रोक पाना सुनिश्चित होगा। पेयजल और बिजली से संबंधित विभिन्न इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया गया।

### प्रमुख कॉरिडोर का उद्घाटन पीएम मोदी ने किया

प्रधानमंत्री ने मंदिर के प्रमुख कॉरिडोर का भी उद्घाटन किया। इनमें भारद्वाज आश्रम कॉरिडोर, श्रृंगवेरपुर धाम कॉरिडोर, अक्षयवट कॉरिडोर, हनुमान मंदिर कॉरिडोर आदि शामिल हैं। इन परियोजनाओं से श्रद्धालुओं की पहुंच आसान होगी और आध्यात्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

# सास-बहू की लड़ाई में बेटा बना हत्यारा

▶▶ कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमला कर ली भाभी की जान



**मऊ।** मऊ जिले के दक्षिण टोला थाना क्षेत्र के कोल्हाड़ गांव में जमीनी विवाद को लेकर सास-बहू में कहासुनी हुई। इस बीच काम से लौटे बेटे को जब विवाद का पता चला तो वह आग बबूला हो उठा। उसने मां से विवाद कर रही भाभी पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। सिर में ताबडतोड़ हमले से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद भाग रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, पुलिस मृतका के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच में जुटी है।

“ मामला संज्ञान में है, पुलिस इस मामले में पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय कर दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। **-इलामारन जी, एसपी**

### यह है पूरा मामला

जानकारी के अनुसार दक्षिणटोला थाना क्षेत्र के कुल्हाड़ निवासी सीमा (35) का पति मकरध्वज बाहर काम करता है। इधर, सीमा का परिवार से जमीनी विवाद चल रहा था। बृहस्पतिवार की देर शाम करीब नौ बजे सीमा और उसकी सास का इसी विवाद को लेकर कहासुनी हो गई। इस बीच काम से लौटे उसके देवर छोटेलाल ने देखा तो पहले समझाने की कोशिश की, लेकिन मामला मारपीट तक पहुंच गया तो वह घर में रखी कुल्हाड़ी से सीमा पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया।

### चीख- पुकार सुनकर पड़ोसियों ने पुलिस को दी सूचना

इस बीच सीमा की चीख– पुकार सुनकर आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे एसओ धर्मेंद्र सिंह ने घायल को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना के बाद भाग रहे आरोपी छोटेलाल को पुलिस ने पकड़ लिया। उधर, मृतका के पिता योंगेद्र राजभर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी छोटेलाल के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई में जुटी है।

### पति मुंबई में, बच्चों का रो- रोकर बुरा हाल

मृतका का पति मकरध्वज मुंबई में काम करता है। अभी वह मुंबई में ही है। पत्नी की हत्या की सूचना पाकर वह गांव के लिए निकल गया है। मृतका के तीन बच्चें है, जो घटना के बाद से ही बिलख रहे हैं। बच्चों का रोना देख हर किसी की आंखें नम हो गईं।

### पिता ने लगाया ससुरालियों पर ये आरोप

उधर, घटना के बाद आहत मृतका के पिता योगेंद्र राजभर ने कहा कि सीमा और उसके ससुराल वालों में काफी समय से विवाद चला आ रहा था, लेकिन वह इस हद तक चले जाएंगे उसे बिल्कुल अंदाजा नहीं था। बताया कि आरोपी छोटेलाल राजभर के पिता श्यामलाल की दो शादी हुई है। एक मां से दो भाई जबकि दूसरी मां से उसका दामाद मकरध्वज, बजरंगी, छोटेलाल हैं। छोटेलाल की शादी नहीं हुई है, वह अभी वेल्डिंग का काम करता है।

# लालगंज सांसद के पौत्र की सड़क दुर्घटना में मौत

▶▶ मुंडन समारोह से लौटते समय हुआ हादसा




**आजमगढ़।** आजमगढ़ जिले के देवगांव कोतवाली क्षेत्र के लालगंज पल्हना मार्ग पर नरसिंहपुर गांव के समीप समाजवादी पार्टी के सांसद दरोगा प्रसाद सरोज के पौत्र की मार्ग दुर्घटना में मृत्यु हो गई। घटना के समय वह मुंडन समारोह से घर लौट रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उनकी जान चली गई।

### यह है मामला

बृहस्पतिवार की रात लालगंज सांसद दरोगा प्रसाद सरोज के पौत्र विपिन सरोज (35) पुत्र स्व. विनोद सरोज निवासी मोहनपुर पटवास मुंडन समारोह से वापस बुलेट से अपने एक मित्र के साथ घर जा रहे थे। रास्ते में पल्हना लालगंज मार्ग पर नरसिंहपुर के समीप अज्ञात वाहन से टक्कर लगने के कारण वह बुरी तरह घायल हो गए। स्थानीय लोगों के सहयोग से उन्हें लालगंज स्थित एक प्राइवेट अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर देख डॉक्टर ने उन्हें आजमगढ़ के लिए रेफर कर दिया। मुख्यालय पर उन्हें एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सांसद के पौत्र की मौत का समाचार मिलते ही उनके आवास पर शोक संवेदना व्यक्त करने वालों का तांता लग गया। वहीं इस घटना से परिवार के लोगों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया।

# यूपी कॉलेज में नहीं पढ़ी गई जुमे की नमाज

▶▶ परिसर में चप्पे- चप्पे पर रही फोर्स की तैनाती

**वाराणसी।** उदय प्रताप कॉलेज (यूपी कॉलेज) में जुमे की नमाज को लेकर शुक्रवार को भारी संख्या में फोर्स तैनात रही, लेकिन कोई नमाजी यहां इबादत करने नहीं पहुंचा। एहतियातन मस्जिद और कॉलेज गेट पर बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स, पीएससी और एसीपी, एडीसीपी लेवल के अधिकारियों की मौजूदगी रही। वहीं कॉलेज के आसपास भी पुलिस का पहरा रहा।

### धार्मिक गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग




कॉलेज प्रशासन ने 27 दिसंबर तक धार्मिक गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की थी। इस वजह से पुलिस का कड़ा पहरा है। छात्रों ने भी जमकर बवाल काटा था और परीक्षा का हवाला देकर रोक लगाने की मांग की थी।

# 'सौ चूहे खाकर, बिल्ली चली हज को'

**संविधान पर चर्चा के दौरान ललन सिंह ने प्रियंका गांधी पर कसा तंज**

**पटना।** केंद्रीय पंचायती राज मंत्री और जदयू नेता ललन सिंह लोकसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान विपक्षी दलों पर खूब बरसे। ललन सिंह ने कहा, 'कांग्रेस पार्टी ने देश में लंबे समय तक शासन किया। पिछले 10 वर्ष से नरेंद्र मोदी ने पीएम के तौर पर जो भी अच्छे काम किये हैं उसे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने विस्तार से बताया। उन कामों में एक मूल मंत्र जो इसी संविधान से निकला है वो है- सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास। यही हमारे संविधान का मूल मंत्र है। यह बात विपक्ष को कहां समझ में आएगा।'



### प्रियंका गांधी पर साधा निशाना

जदयू नेता ललन सिंह ने कहा, 'कांग्रेस ने लंबे समय तक देश में राज किया, इस दौरान इन्होंने सैकड़ों बार संविधान की धज्जियां उड़ाई। जब मन हुआ संविधान में बदलाव कर दिया। यही कारण है कि आज संविधान ने उन्हें वहां बैठा दिया। ये संविधान को ऐसा इस्तेमाल करते थे।' वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी का नाम लिए बिना ललन सिंह ने कहा, 'कांग्रेस की महिला सांसद ने अपने पहले भाषण में बेहद चुटीले और व्यंगात्मक अंदाज में इस सरकार और प्रधानमंत्री पर निशाना साधा। अरे आपको ज्ञान नहीं है जरा अपने पूर्वजों ने इस देश पर जो शासन किया है उनका भी इतिहास पढ़ लेती। हमारे यहां एक कहावत है, सौ चूहे खाकर, बिल्ली चली हज को।'




# हाहाकार के बाद अचानक गुलजार हुआ शेयर बाजार

▶▶ 1000 अंक गिरने के बाद 843 अंक चढ़ा सेंसेक्स

**मुंबई।** कारोबारी सप्ताह के आखिरी सत्र में शुक्रवार 13 दिसंबर 2024 को शेयर बाजार शुरुआती कारोबार में जोरदार हाहाकार के बाद आखिर में गुलजार हो गया। कारोबार के आखिर में बंबई स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का प्रमुख संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 843।16 अंक या 1।04% चढ़कर 82,133।12 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 219।60 अंक या 0।89% की जोरदार उछाल के साथ 24,768।30 अंक पर पहुंच गया।

### शुरुआती कारोबार में 213।93 अंक गिरकर खुला था सेंसेक्स



शेयर बाजार के शुरुआती कारोबार के दौरान सुबह 9।15 बजे सेंसेक्स 213।93 अंक या –0।26% की जोरदार गिरावट के साथ 81,076।03 अंक और निफ्टी 63।55 अंक या 0।26% फिसलकर 24,485।15 अंक पर खुला था। इसके बाद बीएसई सेंसेक्स 10।50 बजे के आसपास 1030।56 या 1।27% टूटकर 80,259।40 अंक पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी भी 311।05 अंक या 1।27% का गोता लगाकर 24,237।65 अंक पर कारोबार करता दिखाई दिया।

### भारती एयरटेल को सबसे अधिक मुनाफा

कारोबार के आखिर में बीएसई सेंसेक्स में सूचीबद्ध 30 कंपनियों में से 26 शेयर बढ़त और 4 शेयर गिरकर बंद हुए। एनएसई के 2871 शेयरों में से 1222 शेयर हरे निशान और 1572 शेयर लाल निशान पर बंद हुए, जबकि 77 शेयरों में किसी प्रकार का बदलाव नहीं हुआ। भारती एयरटेल का शेयर बीएसई और एनएसई पर सबसे अधिक मुनाफे में रहा। बीएसई पर इसका शेयर 4।39% की बढ़त के साथ 1681।95 रुपये पर बंद हुआ। इसके अलावा, बीएसई पर आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचसीएल टेक्नोलॉजी, पावरग्रिड, नेस्ले इंडिया, अदाणी एयरपोर्ट्स, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और मारुति सुजुकी के शेयर अधिक लाभ कमाने वाले शेयरों में शामिल रहे।

# महंगाई को मात देने वाला बॉन्ड लाने की तैयारी



नई दिल्ली। केंद्र सरकार आम जन को महंगाई से लड़ने में मददगार और सुरक्षित निवेश का विकल्प देने के लिए एक विशेष बॉन्ड लाने पर विचार कर रही है। इस बॉन्ड योजना दो तरह से काम करेगी, यह न केवल महंगाई से राहत देगी बल्कि लोगों को वित्तीय सुरक्षा देना भी मुहैया करवाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक, यह बचत योजना एक ऐसे बॉन्ड पर आधारित होगी जिसमें ब्याज दरें औसत उपभोक्ता मूल्य सूचकांक यानी महंगाई दर से ज्यादा होंगी। खबरों के मुताबिक वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इसे आगामी बजट में एक अहम पहल के तौर पर पेश कर सकती हैं। रिपोर्ट के अनुसार वित्त मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक के बीच इस बॉन्ड को लेकर विचार-विमर्श हो चुका है। जानकारी के मुताबिक यह योजना राष्ट्रीय बैंक फॉर फाइनेंसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट द्वारा लाई जा सकती है। इस संस्था को सरकार का समर्थन प्राप्त है और यह बाजार से पूंजी जुटाने के लिए विभिन्न प्रकार के बॉन्ड जारी करने का अधिकार रखती है।

खबरों के अनुसार नया प्रस्तावित बॉन्ड मुद्रास्फीति से राहत देने के उद्देश्य से डिजाइन किया गया है। इसकी ब्याज दर वर्तमान मुद्रास्फीति दर से अधिक होंगी। अक्तूबर में खुदरा महंगाई दर 6.21 फीसदी रही हैं वहीं, नवंबर में इसमें उतार देखा गया है। पिछले कुछ महीनों में महंगाई की वजह खाद्य वस्तुओं, विशेषकर सब्जियों की कीमतों में बढ़ती कीमतें रहीं हैं।

# स्पाइसजेट ने कर्मचारियों का PF और बकाया वेतन चुकाया

▶▶ वित्तीय संकट से जूझ रही एयरलाइन ने 160 करोड़ दिए, QIP से 3000 करोड़ जुटाए थे

**नई दिल्ली।** वित्तीय संकट और कानूनी मामलों से जूझ रही एयरलाइन स्पाइसजेट ने अपने सभी कर्मचारियों का एम्प्लॉय प्रोविडेंट फंड (PF) और बकाया वेतन चुका दिया है। इसके लिए एयरलाइन ने पिछले तीन महीने में 160.07 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान किया है। एयरलाइन ने शुक्रवार (13 दिसंबर) को एक बयान में कहा कि हमने करीब दो साल से लंबित कर्मचारियों का PF, एयरलाइन ने स्रोत पर टैक्स कटौती (TDS), माल और सेवा कर (GST) और कर्मचारियों का बकाया वेतन सहित सभी लंबित वैधानिक देनदारियों का भुगतान कर दिया है।

### क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट से 3000 करोड़ जुटाए थे




स्पाइसजेट कहा है कि उसने 3,000 करोड़ रुपए की राशि जुटाकर अपने बकायों का निपटारा किया है। एयरलाइन ने ये राशि इस साल सितंबर में क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (QIP) के जरिए जुटाई थी। एयरलाइन के QIP को 87 भारतीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों ने सब्सक्राइब किया था। कंपनी की प्लानिंग अपने ऑपरेशंस और वित्तीय स्थिति को बेहतर बनाने की है, ताकि आगे के संकटों का सामना किया जा सके।

### ढाई साल से PF नहीं देने पर EPFO ने भेजा था नोटिस

एम्प्लॉइज प्रोविडेंट फंड ऑर्गेनाइजेशन (EPFO) ने जुलाई में बताया था कि स्पाइसजेट ने पिछले ढाई साल से अपने कर्मचारियों के प्रोविडेंट फंड में पैसा जमा नहीं किया है। एयरलाइन ने आखिरी बार जनवरी 2022 में 11,581 एम्प्लॉइज के PF अकाउंट में पैसे जमा किए थे।

# सोने में 1,225 की गिरावट, 76,922 प्रति 10 ग्राम

▶▶ चांदी 3,324 लुढ़ककर 89,976 प्रति किलो

▶▶ इस साल चांदी 23% तो सोना 21% महंगा

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में शुक्रवार (13 दिसंबर) को, गिरावट देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के डेटा के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट गोल्ड का भाव 1,225 रुपए गिरकर 76,922 रुपए पर आ गया। इससे पहले सोने की कीमत 78,147 रुपए प्रति दस ग्राम थी। चांदी का भाव भी आज 3,324 रुपए गिरकर 89,976 रुपए पर आ गया है। कल चांदी 93,300 रुपए प्रति किलोग्राम थी। वहीं, 23 अक्टूबर को चांदी ने 99,151 रुपए का और 30 अक्टूबर को सोने ने 79,681 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।



**कैरेट के हिसाब से सोने की कीमत**

| कैरेट | भाव (रुपए/10 ग्राम) |
|---|---|
| 24 | 76,922 |
| 22 | 70,461 |
| 18 | 57,692 |

# ममता मशीनरी लिमिटेड का आईपीओ 19 दिसंबर से खुलेगा

**मुंबई।** 13 दिसंबर पैकेजिंग मशीनरी विनिर्माता ममता मशीनरी लिमिटेड का 179 करोड़ रुपये का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 19 दिसंबर को खुलेगा। कंपनी ने इसके लिए मूल्य दायरा 230-243 रुपये प्रति शेयर तय किया है। कंपनी ने बताया कि सार्वजनिक निर्गम 23 दिसंबर को बंद होगा। निवेशक एक दिन पहले 18 दिसंबर को बोली लगा सकेंगे। गुजरात स्थित कंपनी की आरंभिक शेयर बिक्री पूरी तरह से प्रवर्तकों द्वारा 73.82 लाख इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश




(ओएफएस) है। इसकी कीमत मूल्य दायरे के ऊपरी छोर पर 179.38 करोड़ रुपये है। ओएफएस के तहत शेयर बेचने वालों में महेंद्र पटेल, नयना पटेल, भगवती पटेल, ममता ग्रुप कॉरपोरेट सर्विसेज एलएलपी और ममता मैनेजमेंट सर्विसेज एलएलपी शामिल हैं। चूंकि यह एक ओएफएस है, इसलिए कंपनी को सार्वजनिक निर्गम से कोई राशि प्राप्त नहीं होगी, और पूरा कोष निर्गम बेचने वाले शेयरधारकों को जाएगा। कंपनी ने कहा कि प्रारंभिक शेयर बिक्री का उद्देश्य शेयर बाजारों पर इक्विटी शेयरों को सूचीबद्ध करने के लाभ प्राप्त करना है। मूल्य दायरे के ऊपरी छोर पर कंपनी का बाजार पूंजीकरण 600 करोड़ रुपये के करीब आंका गया है

# आज से तीसरा टेस्ट

## गाबा में पिछला मैच 3 विकेट से जीता था भारत

## टेस्ट के पांचों दिन बारिश के आसार

**एजेंसी । ब्रिस्बेन**

गाबा में टीम इंडिया के सामने एक बार फिर से ऑस्ट्रेलिया की चुनौती आने वाली है। वैसे तो गाबा को ऑस्ट्रेलिया का किला माना जाता था, लेकिन अब ऐसा नहीं है। बड़ी बात ये भी है कि ऐसा नहीं है कि ऑस्ट्रेलिया गाबा में टेस्ट मुकाबले हारी नहीं है। इसलिए टीम इंडिया अगर अपनी पिछली हार को भुलाकर इस मैच के लिए मैदान में उतरेगी तो जीत ज्यादा दूर नहीं है। वैसे भी भारतीय टीम अपनी फुल स्ट्रेंथ के साथ इस मैच में उतरेगी। चलिए जरा नजर डालते हैं कि गाबा के ऐतिहासिक मैदान पर ऑस्ट्रेलिया का अब तक का प्रदर्शन कैसा रहा है।




### पांच टेस्ट मैचों की सीरीज इस वक्त बराबरी पर

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जा रही टेस्ट सीरीज इस वक्त 1-1 की बराबरी पर है। यानी अब तीसरे मैच में जो भी टीम जीतेगी, वो बढ़त बना लेगी और उसके सीरीज जीतने की भी संभावना बनेगी। लेकिन ये काम इतना आसान भी नहीं होने वाला। पहला मैच हारने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे मैच में जिस तरह का कमबैक किया है, वो भारतीय टीम भी कर सकती है, बशर्ते भारत की बल्लेबाजी उसी तरह से चले, जिसके लिए ये जानी और पहचानी जाती है। सीरीज के पहले टेस्ट में यशस्वी जायसवाल और विराट कोहली ने सेंचुरी लगाई थी, यही वजह रही कि टीम इंडिया जीत दर्ज करने में कामयाब रही। अब फिर से ऐसा हो जाएग तो कोई बड़ी बात नहीं है।

### गाबा में अब तक 10 टेस्ट मैच हार चुकी है ऑस्ट्रेलियाई टीम

ब्रिस्बेन का गाबा मैदान ऑस्ट्रेलियाई टीम का पसंदीदा क्रिकेट मैदान है। इस मैदान में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने अब तक 66 टेस्ट मुकाबले खेले हैं। इसमें से उसे 42 में जीत मिली है और 13 मैच ड्रॉ पर खत्म हुए हैं। ऑस्ट्रेलियाई टीम इस वेन्यू पर अभी तक केवल 10 टेस्ट मैच ही हारी है। ऑस्ट्रेलिया को पहली बार यहां पर टेस्ट में हार का सामना 1933 में करना पड़ा था। तब इंग्लैंड ने उसे इसी मैदान पर मात दी थी। टीम इंडिया ने भी अपने पिछले ही दौरे पर ऑस्ट्रेलिया को इसी मैदान में हराया था। यहां तक कि वेस्टइंडीज ने भी ऑस्ट्रेलिया को यहीं पर हराने में कामयाबी हासिल की है।

### ब्रिसबेन में भारी बारिश का खतरा

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच ब्रिसबेन के प्रतिष्ठित गाबा में खेला जाने वाला तीसरे टेस्ट पर बारिश का साया मंडरा रहा है। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी 1-1 से बराबर होने के बाद दोनों टीमों की नजरें बढ़त बनाने पर होगी। हालांकि, शनिवार से शुरू होने वाले खेल के दौरान भारी बारिश की संभावना जताई गई है। ब्रिस्बेन में पिछले कुछ दिनों में मूसलाधार बारिश हुई है। मैच के सभी 5 दिनों में बारिश होने की भविष्यवाणी की गई है। सबसे ज्यादा बारिश का अनुमान पहले दिन यानी शनिवार, 14 दिसंबर के लिए लगाया गया है। AccuWeather के अनुसार, दिन में बारिश की 88 प्रतिशत संभावना है। इससे पहले दिन के खेल में काफी बाधा आ सकती है। आंधी-तूफान का भी अनुमान है। अगले चार दिनों में बारिश कम होने की उम्मीद है। हालांकि, दूसरे दिन भी सुबह बारिश की संभावना जताई गई है, जिससे खेल प्रभावित हो सकता है। तीसरे से पांचवें दिन हल्की बारिश की संभावना है।

### विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिए भी अहम है ये मुकाबला

इस वक्त विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल को लेकर भले ही टीम इंडिया की बातें ज्यादा हो रही हों, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के लिए भी फाइनल की राह इतनी आसान नहीं है। इस वक्त अंक तालिका में ऑस्ट्रेलिया दूसरे और भारत तीसरे स्थान पर है। लेकिन दोनों टीमों के बीच पीसीटी का अंतर बहुत ज्यादा नहीं है। जो भी टीम गाबा का मैच अपने नाम करेगी, वो फाइनल की रेस में आगे हो जाएगी। यानी ये मैच ना केवल सीरीज जीतने के लिए जरूरी है, बल्कि डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए भी काफी ज्यादा अहम है।

## पंत ने यहां खेली थी नाबाद 89 रन की पारी

पिछली बार द गाबा में हुए ऑस्ट्रेलिया और भारत के बीच टेस्ट को टीम इंडिया ने 3 विकेट से जीता था। इससे पहले, ब्रिस्बेन का द गाबा स्टेडियम 2020 तक ऑस्ट्रेलिया का किला था। होम टीम को यहां 1988 से किसी भी टेस्ट में हार नहीं मिली थी। 2021 में फिर भारत ने यहां 3 विकेट से टेस्ट जीतकर सीरीज 2-1 से अपने नाम की थी।



### बुमराह सीरीज के टॉप विकेट टेकर

दूसरे टेस्ट में भारत का पूरा बैटिंग लाइन-अप ही फेल रहा था। पहले टेस्ट की दूसरी इनिंग में विराट कोहली और यशस्वी जायसवाल ने शतक जमाया था। जायसवाल सीरीज में टीम के टॉप स्कोरर हैं। भारतीय उप कप्तान जसप्रीत बुमराह ने सीरीज में 12 विकेट लिए हैं। वे सीरीज के टॉप विकेट टेकर हैं।

### पिच रिपोर्ट

तीसरे टेस्ट में गाबा की पिच को लेकर क्यूरेटर डेविड सैंडर्स्की ने कहा, साल के अलग-अलग समय में यंहा की पिच अलग-अलग तरह से व्यवहार करती है। सीजन के अंत में पिच थोड़ी सी ज्यादा टूट जाती है, जबकि सीजन की शुरुआत में यह ताजा होती है। हालांकि, हम ऐसी पिच तैयार कर रहे हैं, जिसमें पेस और बाउंस हो। इसी तरह की पिच के लिए गाबा को जाना जाता है। हम इस साल भी पिछले सालों की तरह एक पारंपरिक गाबा पिच तैयार कर रहे हैं।

### हेड सीरीज के टॉप स्कोरर

ऑस्ट्रेलिया के लिए एडिलेड टेस्ट में शतक लगाने वाले ट्रैविस हेड सीरीज के टॉप स्कोरर हैं। उन्होंने पर्थ टेस्ट की दूसरी इनिंग में शानदार 89 रन बनाए थे। बॉलिंग डिपार्टमेंट में मिचेल स्टार्क ने टीम के लिए सबसे ज्यादा 11 विकेट लिए हैं।



### टॉस का रोल

ब्रिस्बेन में टॉस जीतने वाली टीम पहले गेंदबाजी कर सकती है। यहां अब तक 66 मैच खेले गए हैं, जिसमें पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 26 मुकाबले जीते हैं। वहीं पहले बॉलिंग करने वाली टीम ने भी 26 मैच ही जीते हैं। लेकिन पिछले 4 मैच में पहले बॉलिंग करने वाली टीम को 3 में जीत मिली है।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ इंग्लैंड ने घोषित की अपनी प्लेइंग इलेवन

### वोक्स की जगह मैथ्यू पॉट्स टीम में शामिल

**एजेंसी । हैमिल्टन**

इंग्लैंड ने शुक्रवार को सेडॉन पार्क में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच के लिए अपनी अंतिम एकादश घोषित कर दी है। टीम में क्रिस वोक्स की जगह दाएं हाथ के तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को शामिल किया है। कप्तान बेन स्टोक्स ने शुक्रवार को संवाददाताओं से कहा कि इंग्लैंड हैमिल्टन में तीसरी आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप प्रतियोगिता के लिए अपने लाइन-अप में एक बदलाव किया गया है, जिसमें तेज गेंदबाज मैथ्यू पॉट्स को साथी तेज गेंदबाज क्रिस वोक्स की जगह वापस बुलाया गया है। इसका मतलब है कि ओली पोप कीपर की भूमिका में बने रहेंगे। इंग्लैंड ने क्राइस्टचर्च और वेलिंगटन में शुरुआती दो मैच जीत लिया है और अब उनका प्रयास क्लीन स्वीप करने का है। वहीं न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लैथम ने शुक्रवार को अपनी एकादश का खुलासा नहीं किया है, कप्तान ने सुझाव दिया कि वह यह घोषणा करने से पहले शनिवार की सुबह तक इंतजार करेंगे, जिससे यह अभी अधर में है कि अनुभवी तेज गेंदबाज टिम साउथी को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने से पहले अंतिम टेस्ट खेलने का मौका मिलेगा या नहीं। साउथी तीन तेज गेंदबाजी स्थानों के लिए अपने साथी तेज गेंदबाज विल ओ'रूर्के, नाथन स्मिथ और मैट हेनरी के साथ प्रतिस्पर्धा में हैं, जबकि बाएं हाथ के स्पिनर मिशेल सेंटनर के पास श्रृंखला में अपनी पहली उपस्थिति के लिए लाइन-अप में लौटने का मौका है।




## मुंबई मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में पहुंची

### बड़ौदा को 6 विकेट से हराया, रहाणे ने 56 बॉल पर 98 रन बनाए

**एजेंसी । बेंगलुरु**

मुंबई ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाली टीम ने शुक्रवार को पहले सेमीफाइनल में बड़ौदा को 6 विकेट से हराया। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में मुंबई ने टॉस जीतकर गेंदबाजी करने का फैसला लिया। बड़ौदा ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 158 रन बनाए। मुंबई ने 159 रन का टारगेट 17.2 ओवर में 4 विकेट खोकर हासिल कर लिया। अजिंक्य रहाणे ने 56 बॉल पर 98 रनों की पारी खेली। वे प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। टूर्नामेंट का दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला दिल्ली और मध्यप्रदेश के बीच शाम 4:30 बजे से बेंगलुरु में खेला जाएगा। दिल्ली ने यूपी को 19 रन से मात दी, जबकि मध्यप्रदेश ने सौराष्ट्र को 6 विकेट से हराया।



### मुंबई को मिली जुली शुरुआत

159 रन चेज कर रही मुंबई की शुरुआत मिलीजुली रही। टीम ने 30 रन के स्कोर पर पहला विकेट गंवाया। यहां पृथ्वी शा 8 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें हार्दिक पंड्या ने पवेलियन भेजा। 30 रन पर पहला विकेट गंवाने के बाद ओपनर अजिंक्य रहाणे ने कप्तान श्रेयस अय्यर के साथ मिलकर टीम का स्कोर 100 पार पहुंचा दिया। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 56 बॉल पर 88 रनों की साझेदारी की। 118 के स्कोर पर अय्यर के आउट होने के बाद रहाणे ने सूर्यकुमार यादव के साथ 40 रन की साझेदारी करके टीम को जीत दिला दी। बड़ौदा की पारी के दौरान बारिश के कारण खेल रोकना पड़ा। हालांकि, बारिश कुछ देर में बंद हो गई और मैच दोबारा शुरू हो गया।

### बड़ौदा ने 159 रन का टारगेट दिया, शिवालिक टॉप स्कोरर

शिवालिक शर्मा ने 24 बॉल पर नाबाद 36 रनों की पारी खेली। ओपनर शश्वत रावत ने 33, कप्तान क्रुणाल पंड्या ने 30 रन और अतीत शेठ ने 22 रन बनाए। हार्दिक पंड्या 5 रन बनाकर आउट हुए। सुर्यंश शेज ने 2 विकेट झटके। मोहित अवस्थी, शार्दूल ठाकुर, शिवम दुबे, तनुष कोटियान और अथर्व अंकोलेकर ने एक-एक विकेट लिए।

### बड़ौदा की मिलीजुली शुरुआत, रावत-पंड्या की फिफ्टी पार्टनरशिप

टॉस हार कर बैटिंग कर रही बड़ौदा ने मिलीजुली शुरुआत की। टीम ने पावरप्ले में एक विकेट खोकर 49 रन बनाए। 23 रन पर पहला विकेट गंवाने के बाद ओपनर शाश्वत रावत ने कप्तान क्रुणाल पंड्या के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप की। दोनों ने 38 बॉल पर 50 रन की साझेदारी की। 30 रन के निजी स्कोर पर क्रुणाल पंड्या के आउट होने के बाद टीम का मिडिल ऑर्डर बिखर गया। सिक्किम के खिलाफ नाबाद 134 रन की पारी खेलने वाले भानू पानिया 2 रन ही बना सके। जबकि हार्दिक पंड्या ने 5 रन जोड़े।

**मुंबई के मैदानों से**

## जॉली क्रीड़ा मंडल की धमाकेदार जीत

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**



जॉली क्रीड़ा मंडल ने इस साल का विजेता खिताब अपने नाम कर लिया। पिछले साल की हार को सबक मानकर, खिलाड़ियों ने इस बार अपनी एकजुटता और मेहनत से शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले में जबरदस्त जीत हासिल की। ₹जॉली सिर्फ खिलाड़ियों का समूह नहीं, बल्कि एक-दूसरे पर भरोसा करने वाले जांबाज़ों की टीम है,₹ इस जज़्बे को खिलाड़ियों ने बखूबी साबित कर दिखाया। 2 दिसंबर से 11 दिसंबर 2024 तक मुंबई उपनगर जिला कबड्डी एसोसिएशन के मार्गदर्शन में चारकोप स्थित दादोजी कोंडदेव क्रीड़ांगण में आयोजित 42वीं जिला चैंपियनशिप चयन स्पर्धा में जॉली क्रीड़ा मंडल ने पश्चिम विभाग की फाइनल ट्रॉफी अपने नाम की। कोच विशाल राउल के मार्गदर्शन में नामदेव इसवलकर ने शानदार ऑलराउंड खेल दिखाया। अभिषेक नर ने अपने मजबूत पकड़ से विरोधियों को चौंका दिया। जूनियर ग्रुप से सीनियर वर्ग में पहुंचे रजत सिंह की धमाकेदार रेड्स ने सभी का दिल जीत लिया। डिफेंस में दिनेश यादव, विक्रम जाधव, दर्शन राउल और विकास चौरसिया की शानदार परफॉर्मेंस ने टीम को जीत की राह पर बनाए रखा। टीम के संस्थापक श्रीकांत बिर्जे, प्रबंधन, पूर्व खिलाड़ी और सभी समर्थकों का सहयोग और हौसला इस जीत में अहम साबित हुआ। जॉली क्रीड़ा मंडल परिवार को इस गौरवपूर्ण सफलता के लिए ढेरों बधाई!

## पुलिस के गिरफ्तार करने के तरीके से नाराज अल्लू

'पुष्पा 2' स्टार अल्लू अर्जुन की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। संध्या थिएटर में हुई भगदड़ मामले में उन्हे हैदराबाद पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और उन्हें 14 दिन के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पुलिस ने जिस तरह अल्लू को उनके घर से गिरफ्तार किया, इस पर अभिनेता ने आपत्ति जताई है। उन्होंने दावा किया कि पुलिस ने उन्हें अपना नाश्ता तक खत्म नहीं करने दिया और उन्हें सीधा उनके बेडरूम से उठा ले गई।

### अल्लू को हुई 14 दिन की जेल

अल्लू को जिस तरह से पुलिस ने गिरफ्तार किया, उस पर अभिनेता ने कहा कि उन्हें बेडरूम से सीधे ले जा लिया गया। नाश्ता तक खत्म नहीं करने दिया। उन्हें कपड़े तक बदलने का मौका नहीं दिया गया। सूत्र ने बताया कि अल्लू पुलिस के इस रवैये से नाराज हैं। अल्लू की गिरफ्तारी का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें उन्हें लोगों से घिरा देखा जा सकता है। उनकी पत्नी स्नेहा रेड्डी परेशान हैं और अल्लू उन्हें समझा रहे हैं।

बता दें कि पुलिस ने अल्लू के बॉडीगार्ड संतोष को भी गिरफ्तार किया है। इस मामले में शिकायत के आधार पर अल्लू, उनकी सुरक्षा टीम और थिएटर प्रबंधन के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 105 और 118 (1) के तहत मामला दर्ज किया गया है। हालांकि, अब हैदराबाद के नामपल्ली कोर्ट में सुनवाई के बाद अल्लू की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। 'पुष्पा 2' की स्क्रीनिंग के दौरान अल्लू संध्या थिएटर पहुंचे थे, जहां उन्हें प्रशंसक बेकाबू हो गए और इसके चलते फिल्म देखने आई एक महिला की मौत हो गई और उसका बच्चा बुरी तरह घायल हो गया। 35 वर्षीय महिला की मौत के बाद पुलिस ने अल्लू और थिएटर प्रबंधन के खिलाफ मामला दर्ज किया, जिसके बाद 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें थिएटर मालिक भी शामिल था।



## दिलजीत दोसांझ के चंडीगढ़ कॉन्सर्ट को मिली हरी झंडी



14 दिसंबर को चंडीगढ़ के सेक्टर-34 में होने वाले दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट को पंजाब हरियाणा उच्च न्यायालय से हरी झंडी मिल गई है। शुक्रवार को अदालत में चंडीगढ़ निवासी रणजीत सिंह द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई हुई और फैसला दिलजीत के पक्ष में आया। अदालत ने 75 डेसिबल आवाज रखने की अनुमति देते हुए शो करने की इजाजत दे दी। हाईकोर्ट ने ये भी कहा है कि आगे से एग्जीबिशन मैदान पर बड़ा शो ना किया जाए। दिलजीत के कॉन्सर्ट के विरोध में बीते दिन पंजाब हरियाणा उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की गई थी। चंडीगढ़ निवासी रणजीत ने कार्यक्रम के लिए योजनाबद्ध यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण और अन्य सार्वजनिक सुरक्षा उपायों पर एक विस्तृत रिपोर्ट पेश करने का निर्देश देने की मांग की थी। याचिका में कहा गया कि जब तक चिंताओं को दूर करने के लिए पर्याप्त उपाय लागू नहीं किए जाते तब तक कॉन्सर्ट पर रोक लगा दी जाए।

## एसएस राजामौली ने प्रियंका चोपड़ा से मिलाया हाथ

पिछले लंबे समय से दक्षिण भारतीय सिनेमा के लोकप्रिय अभिनेता महेश बाबू अपनी आने वाली फिल्म 'SSMB29' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसके निर्देशन की कमान 'RRR' के निर्देशक एसएस राजामौली ने संभाली है। यह राजामौली और महेश के बीच पहला सहयोग है, जिसे लेकर दर्शकों काफी उत्साहित हैं। अब खबर आ रही है कि फिल्म में मुख्य अभिनेत्री का किरदार निभाने के लिए निर्माताओं ने दिग्गज अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा से संपर्क किया है।

बॉलीवुड से हॉलीवुड तक अपने अभिनय का परचम लहराने वाली प्रियंका जल्द ही भारतीय सिनेमा में वापसी कर सकती हैं। वह राजामौली और महेश की बहुचर्चित फिल्म 'SSMB29' में नजर आएंगी। निर्माताओं और प्रियंका के बीच बातचीत जारी है और कहा जा रहा है कि अभिनेत्री जल्द ही हस्ताक्षर कर सकती हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इस फिल्म की शूटिंग जनवरी, 2025 में शुरू हो जाएगी। फिलहाल फिल्म का प्री-प्रोडक्शन चल रहा है और महेश फिल्म की तैयारी में जुटे हैं। यह फिल्म 2 भागों में रिलीज होगी। कहा जा रहा है कि फिल्म में अभिनेता का किरदार भगवान हनुमान से प्रेरित होगा।



## न्यूज़ ब्रीफ

### बंगाल में 17 लाख फर्जी वोटर होने का आरोप

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा नेताओं के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार से मुलाकात की। उन्होंने भाजपा के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य चुनाव आयुक्त को मतदाता सूची में गड़बड़ी के संबंध में लगभग 5000 पन्नों का प्रमाण सौंपा। इसके अलावा फर्जी वोटरों के मामले में ही केंद्रीय मंत्री और पश्चिम बंगाल में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार के नेतृत्व में बंगाल भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल भी सीईसी से मिला। उन्होंने मीडिया को बताया कि पश्चिम बंगाल में 17 लाख फर्जी मतदाता हैं।

### कनाडा में तीन भारतीय छात्रों की हत्या

**नई दिल्ली।** कनाडा में पिछले सप्ताह तीन भारतीय छात्रों की हत्या कर दी गई थी, जिसके बाद ओटावा स्थित भारतीय उच्चायोग ने कनाडा के अधिकारियों के समक्ष भारतीयों की सुरक्षा का मामला उठाया है। भारतीय विदेश मंत्रालय (एमईए) ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि कनाडा में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा, संरक्षा और कल्याण हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, 'पिछले एक सप्ताह में हमारे यहां दुर्भाग्यपूर्ण त्रासदियां हुई हैं। तीन भारतीय छात्रों की हत्या कर दी गई है। कनाडा में हमारे नागरिकों के साथ हुई इन भयानक त्रासदियों से हम दुखी हैं।'

### दिल्ली हाईकोर्ट ने लालकिले पर कब्जे की मांग वाली याचिका खारिज की

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को लालकिले पर कब्जे की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। सुल्ताना बेगम नाम की महिला ने खुद को मुगल बादशाह बहादुर शाह जफर के परपोते की विधवा बताते हुए लाल किले पर दावा किया था हाईकोर्ट के कार्यवाहक चीफ जस्टिस विभु बाखरू और जस्टिस तुषार राव गेडेला की बेंच ने मामला सुनने के बाद दिसंबर, 2021 में सिंगल बेंच का आदेश बरकरार रखा। बेंच ने कहा कि सिंगल बेंच के फैसले के खिलाफ अपील तय समय से ढाई साल बाद दायर की गई थी। इस तरह की देरी को माफ नहीं किया जा सकता। महिला ने इससे पहले भी लालकिला उसे सौंपने या पर्याप्त मुआवजा देने की मांग को लेकर याचिका दायर की थी।

### AAP विधायक रघुविंदर शौकीन ने दिल्ली के मंत्री पद की शपथ ली

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी विधायक रघुविंदर शौकीन ने शुक्रवार को दिल्ली सरकार में मंत्री पद की शपथ ली। नांगलोई जाट से विधायक शौकीन को दिल्ली राजभवन में उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने शपथ दिलाई। इस मौके पर मुख्यमंत्री आतिशी भी मौजूद रहीं। दरअसल 18 नवंबर को AAP के प्रमुख जाट नेता और परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत के पार्टी छोड़ दी थी, जिसके बाद यह फैसला लिया गया। रघुविंदर शौकीन नांगलोई जाट से दो बार विधायक रह चुके हैं। इसके पहले वे दो बार पार्षद के रूप में भी निर्वाचित हो चुके हैं। शौकीन आउटर दिल्ली से जाट समुदाय के नेता हैं। कैलाश गहलोत के पार्टी छोड़ने के बाद AAP ने जाट समुदाय के बीच हुए नुकसान की भरपाई के लिए शौकीन को कैबिनेट में शामिल किया है।

# लोकसभा में पहला भाषण, फुल फॉर्म में दिखीं प्रियंका गांधी

- जाति जनगणना, अदाणी से वायनाड, उन्नाव-संभल तक, सरकार पर जमकर बरसीं
- प्रियंका गांधी के लोकसभा भाषण में पहले भाषण से कांग्रेस उत्साहित



"जिनका नाम लेने से कभी-कभी आप झिझकते हैं, और कभी-कभी जिनका नाम धड़ाधड़ इस्तेमाल किया जाता है अपने आप को बचाने के लिए। उन्होंने HAL, BHEL, SAIL, GAIL, ONGC, NTPC, रेलवे, IIT, IIM, तेल रिफाइनरियां और कई सार्वजनिक उपक्रम स्थापित किए। अध्यक्ष महोदय, उनका नाम पुस्तकों से मिटाया जा सकता है, भाषणों से मिटाया जा सकता है लेकिन उनकी जो भूमिका रही, इस देश की आजादी के लिए और इस देश के निर्माण के लिए, उसे इस देश से कभी नहीं मिटाया जा सकता।"

**प्रियंका गाँधी, कांग्रेस महासचिव**

**एजेंसी | नई दिल्ली**

लोकसभा में संविधान पर दो दिवसीय बहस शुक्रवार से शुरू हो गई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोकसभा में इस बहस की शुरुआत की। इसके बाद विपक्ष की ओर से कांग्रेस की नवनिर्वाचित सांसद प्रियंका गांधी ने संविधान से जुड़े मुद्दों पर अपनी बात रखी। प्रियंका का संसद में यह पहला भाषण रहा। इसमें कांग्रेस सांसद ने जातिगत जनगणना, अदाणी, वायनाड त्रासदी, उन्नाव कांड और संभल हिंसा जैसे कई मद्दों पर बात की। आइये जानते हैं कि प्रियंका ने संसद में अपने पहले भाषण में किस मुद्दे पर क्या कहा?

### अदाणी मुद्दे पर सरकार को घेरा

प्रियंका गांधी वाड्रा ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार एक व्यक्ति (अदाणी) का बचाव कर रही है। उन्होंने कहा, 'एक व्यक्ति के लिए सब कुछ बदला जा रहा है। आज की सरकार ने सारा कोल्ड स्टोरेज एक व्यक्ति को दे दिया है, हिमाचल में सेब उत्पादक रो रहे हैं क्योंकि एक व्यक्ति के लिए सब कुछ बदला जा रहा है। एक व्यक्ति को तरजीह दी जा रही है और 142 करोड़ भारतीयों की अनदेखी की जा रही है। रेलवे और एयरपोर्ट समेत सभी कारोबार एक व्यक्ति को दिए जा रहे हैं।'

### 'संविधान सिर्फ दस्तावेज नहीं'

कांग्रेस सांसद ने भाषण के शुरुआत में देश की आजादी की लड़ाई और संविधान निर्माण के सफर को बखान किया और इसमें शामिल लोगों के योगदान को याद किया। प्रियंका ने कहा, 'ये सिर्फ दस्तावेज नहीं है। हमारा संविधान इंसाफ, उम्मीद, अभिव्यक्ति और आकांक्षा की वो जोत है जो हर हिंदुस्तानी के दिल में जलती है।'

### उन्नाव से आगरा तक का जिक्र

प्रियंका ने कहा, 'मैं एक उन्नाव रेप पीड़िता के घर गई, उसे जलाकर मार डाला गया। हम सब के बच्चे हैं, हम सोच सकते हैं कि उस पर क्या बीती होगी। पीड़िता ने अकेले अपनी लड़ाई लड़ी। ये लड़ने की क्षमता और ये हिम्मत उस पीड़िता को और करोड़ों महिलाओं को ये ताकत हमारे संविधान ने दी।'

### संभल हिंसा पर बोलीं

उत्तर प्रदेश के संभल में शाही जामा मस्जिद को लेकर विवाद हाल में खूब चर्चा में रहा। इस मुद्दे को संसद में उठाते हुए प्रियंका गांधी ने कहा, 'संभल के पीड़ित परिवारों से कुछ लोग हमसे मिलने आए थे। उनमें दो बच्चे थे, अदनान और उजैर। उनमें से एक मेरे बेटे की उम्र का था और दूसरा उससे छोटा, 17 साल का। उनके पिता एक दर्जी थे। दर्जी का बस एक ही सपना था कि वह अपने बच्चों को पढ़ाएगा, एक बेटा डॉक्टर बनेगा और दूसरा भी सफल होगा।'

### मणिपुर पर भी पीएम मोदी को घेरा

प्रियंका गांधी ने आरोप लगाया, 'हमारे संविधान ने एकता का सुरक्षा कवच दिया था, वहां नफरत के बीज बोए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री संविधान की प्रति को माथे से लगाते हैं, लेकिन जब संभल में, मणिपुर में, हाथरस में न्याय की मांग उठती है तो उनके माथे पर सिकन नहीं आती।'

**कोलकाता डॉक्टर रेप-मर्डर केस**

# पूर्व प्रिंसिपल को मिली बेल दूसरे केस में जेल में ही रहेंगे

- सीबीआई 90 दिन में चार्जशीट पेश नहीं कर पाई

**एजेंसी | कोलकाता**

कोलकाता रेप-मर्डर केस में आरजी कर मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रिंसिपल संदीप घोष को शुक्रवार को जमानत मिल गई। सबूतों से छेड़छाड़ मामले में CBI 90 दिनों के तय पीरियड के बाद भी चार्जशीट फाइल नहीं कर पाई थी। इस वजह से सियालदह कोर्ट ने घोष को बेल दी है। कोर्ट ने ताला थाने के पूर्व इंचार्ज अभिजीत मंडल की जमानत भी इसी आधार पर मंजूर की है। मंडल पर केस की FIR दर्ज करने में देर करने का आरोप है। संदीप घोष अभी जेल से बाहर नहीं आ पाएंगे। उन्हें मेडिकल कॉलेज में फाइनेंशियल फ्रॉड केस में घोष जमानत नहीं मिली है। 29 नवंबर को कोर्ट ने फाइनेंशियल फ्रॉड मामले में CBI की चार्जशीट नामंजूर कर दी थी। CBI के पास राजकीय कर्मचारी के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करने के लिए राज्य सरकार से जरूरी मंजूरी नहीं थी।

### रेप-मर्डर के अगले दिन घोष ने रेनोवेशन ऑर्डर दिया



CBI जांच में सामने आया है कि ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर के अगले दिन (10 अगस्त, 2024) ही संदीप घोष ने सेमिनार हॉल से लगे कमरों के रेनोवेशन का ऑर्डर दिया था। ट्रेनी डॉक्टर का शव 9 अगस्त की सुबह मेडिकल कॉलेज के सेमिनार हॉल में मिला था।CBI को ऐसे डॉक्यूमेंट मिले, जिनसे पुष्टि होती है कि घोष ने 10 अगस्त को लेटर लिखकर स्टेट पब्लिक वर्क्स डिपार्टमेंट (PWD) को सेमिनार हॉल से लगे कैमरे और टॉयलेट का रेनोवेशन करने को कहा था। इस परमिशन लेटर पर घोष के साइन भी हैं। PWD स्टाफ ने सेमिनार हॉल से लगे कमरे का रेनोवेशन शुरू कर दिया था। हालांकि, कॉलेज स्टूडेंट्स ने इसको लेकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया था, जिसके चलते रेनोवेशन का काम रोक दिया गया। जांच अधिकारियों का कहना है कि रेनोवेशन लेटर से यह साफ हो रहा है कि घोष को यह काम कराने की जल्दी थी, लिहाजा यह डॉक्यूमेंट रेप-मर्डर केस और आरजी कर कॉलेज में वित्तीय गड़बड़ी के केस के बीच कड़ी जोड़ने में मदद कर सकता है।

# 'बच्चे संपत्ति नहीं, अपनी बालिग बेटी की शादी स्वीकार करें'

- सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की माता-पिता की याचिका

**एजेंसी | नई दिल्ली**

देश की सर्वोच्च अदालत ने शुक्रवार को एक महिला के माता-पिता की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उसने अपने साथी के खिलाफ आपराधिक कार्रवाई करने की मांग की थी। महिला ने इस आधार पर अपने विवाह के समय नाबालिग होने का आरोप लगाया था। मामले में मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और संजय कुमार की पीठ ने कहा कि विवाह के समय लड़की नाबालिग नहीं थी और उसके माता-पिता की तरफ से विवाह को स्वीकार न करने के कारण उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई।



मुख्य न्यायाधीश ने कहा, 'आपको कैद करने का अधिकार नहीं है... आप अपने बालिग बच्चे के रिश्ते को स्वीकार नहीं करते। आप अपने बच्चे को संपत्ति मानते हैं। बच्चे संपत्ति नहीं है।' इस दौरान पीठ ने महिला के माता-पिता की तरफ से पेश किए गए जन्म तिथि प्रमाण पत्र में विसंगतियों का भी उल्लेख किया और कहा कि वह इस मामले को आगे नहीं बढ़ा रही है। पीठ ने कहा, 'हम उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने के इच्छुक नहीं हैं।'

### एमपी हाईकोर्ट की इंदौर पीठ ने खारिज की थी FIR

बता दें कि, 16 अगस्त को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने नाबालिग के कथित अपहरण और यौन उत्पीड़न से जुड़े मामले में महिदपुर निवासी के खिलाफ एफआईआर को खारिज कर दिया। अपहरण और अन्य अपराधों से संबंधित कई प्रावधानों के तहत एक प्राथमिकी पिता की तरफ से दर्ज कराई गई थी कि उसकी 16 वर्षीय लड़की लापता है। इस मामले में परिजनों की तरफ से यह आरोप लगाया गया था कि एक व्यक्ति ने उसकी बेटी को बहला-फुसलाकर अगवा कर लिया। उच्च न्यायालय ने इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए प्राथमिकी को खारिज कर दिया कि लड़की बालिग थी और उसने सहमति से विवाह किया था।

# सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट की निंदा की

**हरियाणा के पूर्व IPS अधिकारी को NDPS एक्ट में दी राहत**



**एजेंसी | नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एक पूर्व आईपीएस अधिकारी को राहत देते हुए हरियाणा में नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत उनके खिलाफ कार्यवाही रद्द कर दी, जिसमें कहा गया कि विशेष न्यायाधीश ने 'पूर्व नियोजित तरीके से' काम किया।

### पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश को दी गई थी चुनौती

मामले में जस्टिस बीआर गवई, पीके मिश्रा और केवी विश्वनाथन की पीठ ने एक आदेश को खारिज कर दिया, जिसे 30 मई, 2008 को विशेष न्यायाधीश की तरफ से लिखा और टाइप किया गया था और एक सीलबंद लिफाफे में रखा गया था, यह देखते हुए कि यह 'पूरी तरह से दिमाग का इस्तेमाल न करने' को दर्शाता है। पीठ का फैसला अधिकारी की तरफ से दायर अपील पर आया, जिसने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के 14 अक्तूबर, 2010 के आदेश को चुनौती दी थी। उच्च न्यायालय ने कुरुक्षेत्र के विशेष न्यायाधीश के 30 मई, 2008 के आदेश को बरकरार रखा, जिन्होंने एनडीपीएस अधिनियम की धारा 58 के तहत दंडनीय अपराध के लिए अधिकारी के खिलाफ शुरू की गई कार्यवाही से संबंधित टाइप किए गए और लिखे गए आदेश को उत्तराधिकारी विशेष न्यायाधीश की तरफ से वितरित किए जाने के लिए एक सीलबंद लिफाफे में रखा था।

# कपड़ों के आधार पर महिलाओं का मूल्यांकन अनुचित'

- केरल हाईकोर्ट ने फैमिली कोर्ट के फैसले को किया खारिज

**एजेंसी | कोच्चि**

केरल हाईकोर्ट ने शुक्रवार को पारिवारिक अदालत के एक फैसले को खारिज करते हुए महिला अधिकारों को लेकर सख्त टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि महिलाओं का उनके कपड़ों के आधार पर मूल्यांकन अनुचित है। साथ ही महिला को तलाक होने के बाद भी दुखी रहना चाहिए, यह सोच भी महिला विरोधी पूर्वाग्रह और लैंगिक रूढ़िवादिता को मजबूत करता है। जस्टिस देवन रामचंद्रन और जस्टिस एमबी स्नेहलता की




पीठ ने फैमिली कोर्ट के महिला को बच्चों को कस्टडी देने के फैसले को खारिज कर दिया। फैमिली कोर्ट ने महिला को बच्चों को कस्टडी इसलिए नहीं दी थी क्योंकि वह अंग प्रदर्शन करने वाले कपड़े पहनती थी, अपने तलाक का जश्न मनाती थी और उसका डेटिंग ऐप पर अकाउंट था। फैमिली कोर्ट के इस फैसले पर हाईकोर्ट ने कड़ी आपत्ति जताई। हाईकोर्ट ने कहा कि न्यायालय को स्त्री द्वेष या लिंग भेद के बल पर किसी को संदेह में भी दोषी नहीं ठहराना चाहिए।

# नौ व्यापारियों से 63 लाख रुपए की जबरन वसूली का आरोप

- इंस्पेक्टर-हेड कांस्टेबल पर केस दर्ज



**एजेंसी | मोरबी**

गुजरात के मोरबी जिले में अक्तूबर जिले में नौ व्यापारियों को जुए के एक फर्जी मामले में फंसाकर उनसे 63 लाख रुपये की जबरन वसूली करने के आरोप में एक पुलिस इंस्पेक्टर और एक हेड कांस्टेबल पर मामला दर्ज किया गया है। इस मामले में आरोपी वाईके गोहिल उस समय टंकारा पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर थे। उन्होंने बताया कि उन्हें और सह-आरोपी हेड कांस्टेबल महिपतसिंह सोलंकी को पिछले हफ्ते निलंबित कर दिया गया था। वहीं एसएमसी के पुलिस उपाधीक्षक केटी कमारिया ने बताया, 'राज्य निगरानी प्रकोष्ठ की तरफ से आंतरिक जांच में उनके खिलाफ आरोपों में तथ्य पाए जाने के बाद इंस्पेक्टर आरजी खाट की शिकायत पर बुधवार को उन पर मामला दर्ज किया गया। उन्हें अभी गिरफ्तार किया जाना है।'

# इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव का नोटिस

- सिब्बल समेत 55 सांसदों ने किए हस्ताक्षर

**एजेंसी | नई दिल्ली**

इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश शेखर कुमार यादव पर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के कार्यक्रम में कथित तौर पर की गई विवादास्पद टिप्पणी को लेकर विपक्ष ने शुक्रवार को राज्यसभा में उनके खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पेश करने का नोटिस दिया है, जिसमें कपिल सिब्बल, दिग्विजय सिंह, विवेक तन्खा सहित 55 विपक्षी दलों के सांसदों के हस्ताक्षर है। न्यायाधीश



यादव के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पेश करने का यह नोटिस शुक्रवार को राज्यसभा की कार्यवाही शुरू होने से कुछ समय पहले राज्यसभा के महासचिव को दिया गया है। नोटिस में न्यायाधीश पर अल्पसंख्यकों को निशाना बनाने का आरोप है। राज्यसभा में न्यायाधीश यादव के खिलाफ विपक्ष ने महाभियोग प्रस्ताव पेश करने का यह नोटिस ऐसे समय दिया है, जब सुप्रीम कोर्ट ने उनके बयानों पर स्वतः संज्ञान लेते हुए इलाहाबाद हाईकोर्ट से रिपोर्ट देने को कहा है।

### संविधान के उल्लंघन का आरोप

सूत्रों के मुताबिक विपक्ष ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश शेखर कुमार यादव के खिलाफ दिए महाभियोग प्रस्ताव के नोटिस में कहा है कि न्यायाधीश यादव के कार्य संविधान के अनुच्छेद 51ए (ई) के तहत निहित नीति- निर्देशक सिद्धांतों का उल्लंघन करते हैं, जो सद्भाव को बढ़ावा देने और व्यक्तियों की गरिमा के लिए अपमानजनक प्रथाओं को त्यागने का आदेश देते हैं।

# मकोका केस में विधायक नरेश बाल्यान को नहीं मिली जमानत



**एजेंसी | नई दिल्ली**

दिल्ली की एक कोर्ट ने शुक्रवार को आम आदमी पार्टी के विधायक नरेश बाल्यान को मकोका मामले में ज्यूडिशियल कस्टडी में भेजा दिया। दिल्ली पुलिस ने 7 दिन की हिरासत पूरी होने के बाद बाल्यान को कोर्ट में पेश किया था और 10 दिन की रिमांड मांगी थी। विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा ने पुलिस को कस्टडी देने से इनकार कर दिया।

### 4 दिसंबर को हुई थी गिरफ्तारी

उत्तम नगर विधानसभा क्षेत्र से विधायक बाल्यान को 4 दिसंबर को मकोका मामले में गिरफ्तार किया था। इससे पहले उन्हें जबरन वसूली मामले में जमानत मिली थी। 30 नवंबर को क्राइम ब्रांच ने बाल्यान को 2023 के जबरन वसूली मामले में गिरफ्तार किया था। भाजपा ने बाल्यान का एक ऑडियो क्लिप जारी कर कहा था कि नरेश का संबंध गैंगस्टर से है और वह वसूली गैंग चलाते हैं। वह हवाला के जरिए पैसों का लेनदेन करते हैं।

# ईवीएम वेरिफिकेशन की मांग पर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई

- अप्रैल के फैसले में बैलेट से चुनाव कराने की मांग की थी खारिज
- हरियाणा विधानसभा चुनाव में ईवीएम के सत्यापन का मामला

**एजेंसी | नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के सत्यापन की नीति संबंधी याचिका पर सुनवाई के लिए उसी खंडपीठ के समक्ष जाना चाहिए, जिसने अप्रैल में यह फैसला सुनाया था। इसी खंडपीठ ने फिर से बैलेट पेपर से चुनाव कराने



की मांग को खारिज कर दिया था। जस्टिस विक्रम नाथ और पीबी वराले की खंडपीठ ने शुक्रवार को सीजेआइ की रजिस्ट्री को निर्देशित किया कि कांग्रेस नेता करण सिंह दलाल की याचिका पर हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान ईवीएम के सत्यापन का मामला उसी बेंच के समक्ष सूचीबद्ध किया जाए।

### माइक्रोकंट्रोलर की जांच हो : विधायक करण सिंह दलाल

याचिका में कहा गया कि पांच बार के विधायक करण सिंह दलाल की मौजूदा याचिका में चुनाव आयोग को ईवीएम के चार कम्पोनेंट (कंट्रोल यूनिट, बैलट यूनिट, वीवीपैट और सिंबल लोडिंग यूनिट) की मेमोरी/ माइक्रोकंट्रोलर की जांच और सत्यापन के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की गई है। इस याचिका में यह भी अनुरोध किया गया है कि यह प्रक्रिया आठ सप्ताह के भीतर पूरी की जाए।